संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज    समूह संपादक : रवि भारद्वाज    ऊना, मंगलवार, 07 मई 2024    ₹ 2    www.actionindialive.com    facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 13 अंकः 125 पृष्ठः 12    RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com    हिमाचल संस्करण    दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

इनाम 20 लाख



सेना ने 2 आतंकियों के स्केच जारी किए। 20 लाख का इनाम भी, 2 दिन पहले वायुसेना के काफिले पर फायरिंग की थी।

## आदर्श विचार



"संगति आप को ऊंचा उठा भी सकती है और यह आप की ऊंचाई से गिरा भी सकती है। इसलिए संगति अच्छे लोगों से करें।- भगवत गीता"

## मन की बात



"बहुत सी कमियों के बाद भी हम खुद से प्रेम करते हैं, तो दूसरों में एक कमी से कैसे घृणा कर सकते हैं। -विवेकानंद"

## अरब सागर से तटरक्षक बल ने पकड़ा ईरानी जहाज

**टीम एक्शन इंडिया**
**कोच्चिः** भारतीय तटरक्षक बल ने एक बार फिर अरब सागर में कार्रवाई की है। तटरक्षक बल ने अरब सागर में ईरानी मछली पकड़ने वाले जहाज को हिरासत में लिया है। रिपोर्ट की मानें तो जहाज में सवार छह भारतीय चालक दल के सदस्यों को अनुबंध के आधार पर ईरान ले जाया जा रहा था लेकिन नाव के मालिक द्वारा शोषण और दुर्व्यवहार की रिपोर्ट मिलते ही उन्हें पकड़ लिया गया। भारतीय तट रक्षक समुद्री सुरक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करते हुए कार्रवाई की। जहाज को कोच्चि लाया गया है। यहां आरोपों सहित अन्य पहलुओं की जांच की जाएगी। भारतीय तटरक्षक दल ने एक्स पर पोस्ट करते हिए कहा कि केरल तट के पश्चिम में अरब सागर में ईरानी मछली पकड़ने वाले जहाज को रोका और हिरासत में लिया। जहाज में छह भारतीय सवार थे, जो ईरान में अनुबंध के आधार पर कार्यरत थे।

# 'भ्रष्टाचारियों पर मोदी कर रहा प्रहार'

● 'पड़ोसी राज्य में नोटों का पहाड़ मिल रहा', झारखंड में ईडी की कार्रवाई पर ओडिशा में बोले पीएम मोदी

**विपक्ष को घेरा**

▶▶ "आज, पड़ोसी राज्य झारखंड में नोटों का पहाड़ मिला है। लोग कह रहे हैं कि चोरी हो गया और माल पकड़ रहा मोदी वहां'

**टीम एक्शन इंडिया**
**ब्रह्मपुर (ओडिशा):** प्रवर्तन निदेशालय की ओर से झारखंड में भारी मात्रा में नकद जब्त किए जाने का जिक्र पीएम नरेंद्र मोदी ने ओडिशा में एक चुनावी रैली में की। ओडिशा के नबरंगपुर में एक चुनावी सभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि केंद्रीय एजेंसी की कार्रवाई की कुछ लोग सराहना कर रहे हैं तो कुछ लोग इस भ्रष्टाचार और लूट को रोकने की आलोचना कर रहे हैं। पीएम ने कहा, "आज, पड़ोसी राज्य झारखंड में नोटों का पहाड़ मिला है। लोग कह रहे हैं कि चोरी हो गया और माल पकड़ रहा मोदी वहां। अब आप ही बताइए, यदि मैं उनकी चोरी रोकूंगा, उनकी आमदनी बंद कर दूंगा, उनकी लूट बंद कर दूंगा तो वे मोदी को गाली देंगे नहीं देंगे तो और क्या करेंगे।" पीएम ने चुनावी सभा में कहा, "क्या गालियों के बावजूद मुझे यह काम नहीं करना चाहिए? क्या मुझे आपके पैसों की रक्षा नहीं करनी चाहिए।"

पीएम ने यह प्रतिक्रिया सोमवार को ईडी की ओर से झारखंड की राजधानी रांची में की गई बड़ी कार्रवाई के बाद दी है।

सोमवार को केंद्रीय एजेंसी ने झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल के घरेलू सहायक के आवास से 20 करोड़ रुपये जब्त किए। सोमवार की सुबह रांची में कई ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापेमारी की।





## चार जून बीजद की एक्सपायरी डेटः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**भुवनेश्वर**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने आज ओडिशा में हुंकार भरी। गंजम में एक रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी राज्य की सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) को घेरा। उन्होंने कहा कि चार जून को बीजद सरकार की एक्सपायरी डेट लिखी हुई है। उन्होंने दावा किया कि 10 जून को भाजपा उम्मीदवार ओडिशा में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, "ओडिशा में इस बार दो यज्ञ एकसाथ हो रहे हैं। एक यज्ञ देश में, हिंदुस्तान में मजबूत सरकार बनाने के लिए है और दूसरा यज्ञ ओडिशा में भाजपा के नेतृत्व वाली मजबूत राज्य सरकार बनाने का है। मैं



आज ओडिशा भाजपा को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। ओडिशा भाजपा ने, ओडिशा की आकांक्षाओं को, यहां के युवा सपनों को ध्यान में रखते हुए, यहां की बहनों-बेटियों के सामर्थ्य को ध्यान में रखते हुए बहुत ही विजनरी संकल्प पत्र जारी किया है।"

**पीएम मोदी ने बीजद सरकार को घेराः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भाजपा जो कहती है, वो करके दिखाती है। यहां सरकार बनने के बाद हम पूरी शक्ति से संकल्प पत्र में की गई घोषणाओं पर अमल करेंगे। बीजद पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा, "चार जून पर यहां की बीजद सरकार की एक्सपायरी डेट लिखी हुई है।

आज छह मई है, छह जून को भाजपा के मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार तय होगा। 10 जून को भुवनेश्वर में भाजपा के मुख्यमंत्री का शपथ समारोह होगा। मैं आज सबको भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री के शपथ समारोह के लिए निमंत्रण देने आया हूं।"

## 'ओडिशा अमीर, जनता गरीब, यह पाप कांग्रेस और बीजेडी ने किया'

**टीम एक्शन इंडिया**
**ब्रह्मपुर (ओडिशा):** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शीर्ष नेता और सबसे बड़े स्टार प्रचारक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चुनावी जनसभा में कांग्रेस और बीजेडी को निशाने पर लिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि ओडिशा अमीर है। जनता गरीब है। यह पाप पहले कांग्रेस और इसके बाद बीजेडी के नेताओं ने किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने उमड़े जनसमूह से इस बार आम चुनाव में 400 पार के अपने संकल्प सिद्धि के लिए आशीर्वाद मांगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "जैसे त्रिपुरा को 30 साल से ज्यादा के कम्युनिस्ट और कांग्रेस के शासन ने तबाह कर दिया।

## 'दिलीप घोष को जिता दो, गुंडों को सीधा कर देंगे'



**टीम एक्शन इंडिया**
**कोलकाताः** तीसरे चरण के मतदान से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में चुनाव प्रचार किया। दुर्गापुर में एक रैली को संबोधित करते हुए अमित शाह ने राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी पर तंज करते हुए कहा कि टीएमसी के गुंडे यहं की गरीब मजदूरों की मजदूरी की उगाही करके भतीजे को देते हैं। रैली में भाजपा उम्मीदवार दिलीप घोष का समर्थन करते हुए अमित शाह ने कहा, "एक बार यहां से दिलीप घोष को जिता दो, इन गुंडों को हम सीधा कर देंगे।" उन्होंने टीएमसी पर कटाक्ष करते हुए कहा, "ये लोग कटमनी चलाते हैं, घुसपैठ कराकर अपना वोट बैंक बनाते हैं। ममता दीदी, आपको शर्म आनी चाहिए, सरहदी राज्य में आप घुसपैठ को बढ़ावा देती हो और घुसपैठियों को अपना वोट बैंक बनाती हो।" सोमवार को हुगली में बस विस्फोट पर अमित शाह ने कहा कि बंगाल में भ्रष्टाचार और चुनावी हिंसा आम हो चुकी है। ममता बनर्जी डराना चाहती है। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग ने केंद्रीय बलों को तैनात किया है। अमित शाह ने लोगों से से कहा कि उन्हें ममता बनर्जी से डरने की कोई जरूरत नहीं है। संदेशखाली मुद्दे पर अमित शाह ने फिर एक बार ममता सरकार को घेरा। उन्होंने टीएमसी पर धर्म के आधार पर सैकड़ों महिलाओं पर अत्याचार करने का आरोप लगाया। भाजपा नेता ने कहा, "ममता बनर्जी संदेशखाली के अपराधियों को पकड़ने को तैयार नहीं थीं।

**वोट की अपील**

▶▶ ये लोग कटमनी चलाते हैं, घुसपैठ कराकर वोट बैंक बनाते हैं। ममता दीदी, आपको शर्म आनी चाहिए: शाह

# रांची में कई जगहों पर ईडी का छापा

**कार्रवाई**

▶▶ मंत्री के निजी सचिव के घरेलू सहायक के घर से 20 करोड़ नकद बरामद, मंत्री ने पेश की सफाई



**टीम एक्शन इंडिया**
**रांचीः** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड की राजधानी रांची के विभिन्न इलाकों में छापेमारी की। वीरेंद्र राम मामले में झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल के घरेलू सहायक से भारी मात्रा में नकदी बरामद की गई। नोट गिनने की मशीन को संजीव लाल के घर पर लाई जा रही है। बता दें कि अबतक 20 करोड़ से ज्याद रुपये की गिनती हो चुकी है। अधिकारियों ने बताया कि गिनती अभी भी जारी है। सूत्रों के अनुसार, नकद राशि 500 के नोटों में बरामद की गई। संजीव लाल के आवास पर स्टील के ट्रंक लाए गए हैं। बता दें कि ईडी ने पिछले साल फरवरी में झारखंड ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र के. राम को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। लंबे समय तक पूछताछ के बाद ईडी ने उन्हें गिरफ्तार किया था। पूछताछ में ईडी के सामने वीरेंद्र राम ने कई बड़े व्यक्तियों के साथ अपने संबंधों का भी खुलासा किया। जानकारी के अनुसार राम के यहां 150 करोड़ की संपत्ति मिली थी। इसके अलावा दो करोड़ के स्वर्ण आभूषण भी बरामद किए गए थे। ईडी को वीरेंद्र राम के पास से एक लैपटॉप और कुछ पेन ड्राइव भी मिली थीं।

## राहुल गांधी के खिलाफ 200 कुलपतियों ने लिखा खुला पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** देशभर के करीब 200 अग्रणी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों ने सोमवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के चयन प्रक्रिया संबंधी बयान की आलोचना करते हुए एक खुला पत्र लिखा है। कुलपतियों ने पत्र के माध्यम से राहुल के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के एक्स हैंडल और अन्य स्त्रोतों से हमारे संज्ञान में आया है कि कुलपतियों की नियुक्ति योग्यता की बजाय पूरी तरह से किसी संगठन से संबद्धता के आधार पर की जाती है, जिससे योग्यता पर सवाल उठता है।

# 400 सीट छोड़िए, इन्हें 150 भी नहीं मिलेंगीः राहुल गांधी

**टीम एक्शन इंडिया**
**अलीराजपुरः** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि यह संविधान बचाने का चुनाव है, क्योंकि भाजपा इसे खत्म करना चाहती हैं। भाजपा 400 की पार की बात करती है लेकिन वे 150 पार भी नहीं पहुंचेंगे। अभी आरक्षण में आदिवासी, दलितों और पिछड़ों की कोई भागीदारी नहीं है, इसलिए हम आरक्षण को 50 प्रतिशत से आगे बढ़ाने वाले हैं। जिसे जितना आरक्षण चाहिए, उन्हें दिया जाएगा। हम चाहते हैं कि प्राइवेट और पब्लिक सेक्टर में आपके लोग हों, इसके लिए हम जातिगत जनगणना करने जा रहे हैं। राहुल गांधी सोमवार को मध्य प्रदेश



के चुनावी प्रवास के दौरान रतलाम-झाबुआ संसदीय क्षेत्र से उम्मीदवार कांतिलाल भूरिया के समर्थन में अलीराजपुर जिले के जोबट में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने 22 लोगों का लाखों करोड़ रुपये का कर्जा माफ किया। अरबपतियों को पैसा दिया, इसलिए अब हमने करोड़ों लोगों को लखपति बनाने का मन बना लिया है। महालक्ष्मी योजना में एक गरीब परिवार की लिस्ट बनेगी। उसमें से एक महिला चुनी जाएगी और उस महिला के बैंक अकाउंट में एक हर साल एक लाख रुपये डालेंगे।

**दावा**

▶▶ अलीराजपुर के जोबट में ऐलान- हम जातिगत जनगणना करेंगे, आरक्षण की सीमा बढ़ाएंगे

# ईडी कलेक्टरों को परेशान न करेंः सुप्रीम कोर्ट



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** रेत के अवैध खनन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सुप्रीम कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय से कहा कि वे तमिलनाडु के पांच जिला अधिकारियों को अनावश्यक रूप से परेशान न करें।

दरअसल, राज्य ने अदालत में शिकायत करते हुए कहा था कि उनके अधिकारियों को रात साढ़े आठ बजे तक ईडी दफ्तर में बैठाया रखा गया। बता दें। इससे पहले दो अप्रैल को अदालत ने पांचों जिला अधिकारियों को ईडी के समक्ष पेश न होने के कारण फटकार लगाई थी। साथ ही अदालत ने पांचों अधिकारियों को निर्देश दिया था कि वे 25 अप्रैल तक ईडी के समक्ष पेश हों। सोमवार को न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मित्तल की पीठ ने मामले की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान राज्य की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि जिला कलेक्टर ईडी के सामने पेश हुए थे। इस पर ईडी के वकील ने कहा कि वे ईडी के समझ पेश जरूर हुए लेकिन उन्होंने अभी तक एजेंसी को एक भी दस्तावेज नहीं सौंपे हैं। सिब्बल ने इस दावे को खारिज करते हुए कहा कि जांच एजेंसी ने समन के जरिए जो कुछ भी मांगा था, वह सब कुछ दे दिया गया है। इस पर ईडी के वकील ने कहा कि ऐसा कोई भी दस्तावेज जमा नहीं किया गया है और हम मामले में हलफनामा भी दायर कर सकते हैं। इस पर पीठ ने कहा कि वे साफ करें कि अभी तक अधिकारियों ने कौन-कौन से दस्तावेज जमा नहीं किए हैं।

**अवैध खनन**

▶▶ अदालत में शिकायत करते हुए कहा था कि अधिकारियों को रात साढ़े आठ बजे तक ईडी दफ्तर में बैठाया रखा गया

# नीट-यूजी 2024 का प्रश्न पत्र लीक नहीं हुआः एनटीए

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने सोमवार को स्पष्ट किया है कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी-2024 में प्रश्नपत्र लीक होने का दावा करने वाले समाचार पूरी तरह से निराधार हैं। प्रत्येक प्रश्न पत्र का हिसाब रखे जाने का दावा करते हुए एनटीए ने कहा कि सोशल मीडिया पर प्रसारित प्रश्नपत्र की कथित तस्वीरों का वास्तविक प्रश्नपत्र से कोई सम्बन्ध नहीं है। एनटीए ने कहा कि छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों और सभी संबंधित लोगों को सूचित किया गया है कि परीक्षा के सम्बंध में



सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर प्रसारित पोस्ट के माध्यम से यह धारणा बनाई जा रही है कि परीक्षा शुरू होने से पहले प्रश्न पत्र लीक हो गया था। इस आशय की पोस्ट पूरी तरह से निराधार हैं। एनटीए ने आगे कहा कि परीक्षा केंद्र बंद कर दिये गए थे और बाहर से किसी को भी हॉल के अंदर प्रवेश की अनुमति नहीं थी, जो सीसीटीवी निगरानी में हैं।

एनटीए ने स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 5 मई को अन्य देशों के 14 शहरों और देशभर के 571 शहरों में 4750 केंद्रों पर राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) यूजी-2024 सफलतापूर्वक आयोजित की गई।

**निराधार**

▶▶ नीट-यूजी-2024 में प्रश्नपत्र लीक होने का दावा करने वाले समाचार पूरी तरह से निराधार

## पुंछ हमलाः सेना ने 2 आतंकियों के स्केच जारी किए

**टीम एक्शन इंडिया**
**श्रीनगरः** जम्मू कश्मीर के पुंछ में 4 मई को एयरफोर्स के काफिले पर हमला हुआ था, जिसमें 1 जवान कॉर्पोरल विक्की पहाड़े शहीद हो गए थे और 4 अन्य जवान घायल हो गए थे। सोमवार को सेना ने हमले में शामिल आतंकियों के स्केच जारी किए हैं।

साथ ही उन पर 20 लाख के इनाम का ऐलान भी किया है। इसी हमले के सिलसिले में पुलिस ने पूछताछ के लिए करीब 20 लोगों को हिरासत में लिया है। वहीं पुंछ के डन्ना टॉप, शाहस्टार, शिंद्रा और सनाई टॉप इलाकों में बड़े पैमाने पर घेराबंदी और तलाशी अभियान तीसरे दिन भी जारी है।

**तलाश**

▶▶ 20 लाख का इनाम भी, 2 दिन पहले वायुसेना के काफिले पर फायरिंग की थी, जवान शहीद हुआ था

## मुंबई दंगा मामले में निर्देशों का पालन न होने पर कोर्ट नाराज

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार को निर्देश दिया है कि 1992 में मुंबई दंगों में लापता लोगों के परिजनों को मुआवजा देने के लिए जारी किए गए निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें। इससे पहले 4 नवंबर 2022 को मामले में कुछ निर्देश दिए थे लेकिन इनका पालन नहीं किया जा रहा था। इस पर न्यायमूर्ति अभय एस ओका और उज्ज्वल भुयान की पीठ ने नाराजगी जताई है। शीर्ष अदालत ने महाराष्ट्र के पुलिस महानिदेशक और राज्य के गृह विभाग से जस्टिस बी एन श्रीकृष्णा आयोग की सिफारिशों पर गौर करने को कहा है।

**अपहरण** अवैध रूप से बंधक बनाकर रखने के मामले में जद (एस) विधायक एचडी रेवन्ना के खिलाफ मामले की जांच तेज हो गई

# एसआईटी ने बंगलूरू में घटनास्थल का निरीक्षण किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** एक महिला के कथित अपहरण और अवैध रूप से बंधक बनाकर रखने के मामले में जद (एस) विधायक एचडी रेवन्ना के खिलाफ मामले की जांच तेज हो गई है। विशेष जांच टीम ने सोमवार को बंगलूरू के बसवनगुड़ी स्थित उनके आवास का दौरा किया। इस दौरान टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। रेवन्ना परिवार की अनुपस्थिति में एसआईटी टीम ने उनके वकील गोपाल को घटनास्थल पर बुलाया। दो दिन पहले ही एसआईटी ने हासन जिले के होलेनरसीपुरा स्थित विधायक के घर का भी निरीक्षण किया था।



**क्या है मामला ?**
दरअसल, पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पुत्र रेवन्ना इन दो मामलों में घिरे हुए हैं। दोनों मामलों की जांच तेजी से चल रही है। पहला मामला घरेलू सहायिका के यौन उत्पीड़न से जुड़ा है, जिसमें रेवन्ना का बेटा भी आरोपी है। इसके अलावा दूसरा मामला दो मई को दर्ज अपहरण के मामले से जुड़ा है। प्रज्वल की ओर से कथित तौर पर कई महिलाओं का यौन शोषण करने वाले वीडियो बड़ी संख्या में वायरल होने के बाद पीड़िता के बेटे ने आरोप लगाया कि रेवन्ना का सहायक सतीश बबन्ना उसकी मां को 29 अप्रैल को एक मोटरसाइकिल पर बिठाकर ले गया और उसे अवैध रूप से बंधक बनाकर रखा।

**रेवन्ना के वकील ने लगाए गंभीर आरोपः** इस बीच रेवन्ना के वकील गोपाल ने आरोप लगाया कि एसआईटी दल ने उन्हें जद(एस) नेता के बासवनगुडी स्थित आवास के भीतर जाने नहीं दिया। उन्हें मौके के मुआयने का नोटिस दिया गया था, लेकिन एसआईटी दल ने उन्हें अंदर नहीं जाने दिया। गोपाल ने पूछा कि मुझे अंदर जाने नहीं दिया गया, जबकि मुझे वहां मौजूद होना चाहिए था। अवैध चीजें चल रही हैं। मैं मौके के मुआयने के खिलाफ नहीं हूं।

**यौन उत्पीड़न**

▶▶ पहला मामला घरेलू सहायिका के यौन उत्पीड़न से जुड़ा है, जिसमें रेवन्ना का बेटा भी आरोपी है

# उपायुक्त ने सेंज मेले के तीसरे दिन महा नाटी का किया शुभारंभ



**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू :उपायुक्त** कुल्लू तोरुल एस रवीश ने जिला स्तरीय सेंज मेले के तीसरे दिन स्वीप सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता अभियान के तहत आयोजित महा नाटी का शुभारंभ किया। जिले की समृद्ध संस्कृति को प्रस्तुत करती महा नाटी में पारम्परिक भेष भूषा में भारी संख्या में महिलाओं ने नाटी के माध्यम से मतदान करने का आग्रह किया। उन्होंने सभी को मेले की शुभकामनाएं दी तथा अपनी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर के सरक्षण पर बल दिया।

उपायुक्त तोरुल एस रवीश ने इस अवसर पर मेले में उपस्थित सभी को मतदान करने की शपथ दिलायी व मतदाता जागरूकता के तहत हस्ताक्षर अभियान का भी शुभारम्भ किया। उपायुक्त ने उपस्थित सभी पात्र मतदाताओं को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण निर्वाचन की प्रतिबद्धता को लेकर प्रयास करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा की एक स्वस्थ लोकतंत्र के लिए निष्पक्ष मतदान निर्वाचन एक अनिवार्य शर्त है। जिसके लिए हम सभी को बिना किसी धन, बल के प्रभाव से मुक्त होकर बिना किसी प्रोलोभन से मतदान करना आवश्यक है।उन्होंने इस दौरान

**संस्कृति**

**महा नाटी में पारम्परिक वेषभूषा में महिलाओं ने नाटी के माध्यम से मतदान करने का आग्रह किया**

सभी पात्र मतदाताओं एक जून को मतदान का आग्रह। उपायुक्त ने जिला स्तरीय स्वीप सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता अभियान के अंतर्गत मतदाताओं को विशेषकर युवा मतदाताओं मतदान जागरूक करने के लिए जिला तथा उपमंडल स्तरीय द्वारा किए प्रयासों की सराहना की।उपायुक्त ने बिहाली, सेंज, नियुलि में पिन पार्वती नदी में किये जा रहे ड्रेजिंग कार्यों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग व ड्रेजिंग कार्य मे लगे ठेकेदार को कार्य मे तेजी लाने के निर्देश दिए।

उपमण्डलाधिकारी बंजार पंकज शर्मा ने मुख्य अतिथि व अन्य गणमान्य का स्वागत किया। इस से पूर्व उपायुक्त ने मेला मैदान में विभिन्न मेले में आये देवी देवताओं की पूजा अर्चना की।इस अवसर पर तहसीलदार रमेश कुमार, कारदार जगरनाथ, व अन्य उपस्थित थे।

# भाजपा पीएम मोदी के नाम पर वोट मांग रही है तो कांग्रेस भाजपा को गाली देकर: बिंदल

**चमन शर्मा**

**शिमला: भाजपा** प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने कहा कि भाजपा का स्टैंड क्लियर है हम पीएम नरेंद्र मोदी के काम पर वोट मांग रही है। गरीब कल्याण, महिला उत्थान, हिमाचल का सर्वांगीण विकास, एक लाख करोड़ का सडक निर्माण, एम्स, अनेकों टनल का निर्माण, मेडिकल कॉलेज, बुक ड्रग पार्क, मेडिकल डिवाइस पार्क, 90:10 कैटेगरी स्टेट का दर्जा और अनेकों योगदान के लेकर हम जनता के बीच जा रहे हैं। देश आगे बढ़ रहा है तो केवल पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व के कारण।दूसरी ओर वर्तमान कांग्रेस पार्टी किस मुद्दे पर वोट मांग रही है यह समझ नहीं आ रहा है, वर्तमान में तो ऐसा प्रतीत होता है कि वह भाजपा को गाली देकर वोट मांग



**वोट की अपील**

**90 :10 कैटेगरी स्टेट का दर्जा और अनेकों योगदान के लेकर हम जनता के बीच जा रहे**

रहे हैं। मुख्यमंत्री प्रवास करते हैं एक गाली देते हैं और दूसरे स्थान पर पहुंचकर दूसरी गाली देते हैं। मुख्यमंत्री और उनके नेताओं के मुंह से एक भी शब्द विकास का नहीं निकलता है क्योंकि पिछले 18 महीने में इस सरकार ने कुछ किया ही नहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा का स्टैंड क्लियर है की हम जनमानस की सेवा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। देश और प्रदेश पीएम मोदी को अपना आदर्श मानता है।दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी स्पष्ट करें कि अगर कांग्रेस की सरकार केंद्र में बनती है तो उनका प्रधानमंत्री चेहरा कौन होगा क्या राहुल गांधी होंगे या को और वैसे तो कांग्रेस पार्टी को केंद्र में प्रतिपक्ष का दर्जा भी नहीं मिलने वाला है।कांग्रेस पार्टी को अल्पसंख्यक आरक्षण पर भी अपना स्टैंड क्लियर करना चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### लेखी के बहाने भाजपा राष्ट्रीय नेताओं को नरेश की नसीहत, हिमाचल आएं तो साथ हों सही आंकड़े

**चमन शर्मा**

**शिमला:** हिमाचल प्रदेश में सातवें और आखिरी चरण में चुनाव होना है। चुनाव की अधिसूचना जारी होने में भले ही एक दिन बाकी हो, मगर भाजपा और कांग्रेस के बीच सवाल और जवाबी हमले में ज?ा भी नरमाई नजर नहीं आ रही है। हिमाचल कांग्रेस की उपाध्यक्ष नरेश चौहान ने केंद्रीय राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी पर निशाना साधा है। नरेश चौहान ने लेखी के बहाने भाजपा के केंद्रीय नेताओं को सही आंकड़ों के साथ हिमाचल आने की नसीहत दे डाली। इस दौरान नरेश चौहान नाम पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को भी निशाने पर लिया। उन्होंने जयराम ठाकुर पर सेब को लेकर गलत आंकड़े पेश करने का आरोप लगाया है। हिमाचल कांग्रेस के उपाध्यक्ष नरेश चौहान ने कहा कि 3 चरण के चुनाव हो चूके हैं। शुरूआती चरण में ही भाजपा के 400 पार के नारे की हवा निकल गई है। पीएम मोदी और भाजपा के नेताओं में बौखलाहट साफ नजर आ रही है। बीजेपी के नेता लगातार विपक्ष और खास तौर पर कांग्रेस नेताओं के खिलाफ नफरती बयानबाजी कर रहे हैं। नरेश चौहान ने कहा कि भाजपा के नेता अब गलत आंकड़े पेश करके जनता को गुमराह कर रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को निशाने पर लेते नरेश चौहान ने कहा कि सेब बहुल इलाके में जयराम ठाकुर गलत आंकड़े पेश कर रहे हैं। जयराम ठाकुर सेब पर प्रदेश में 50 रू न्यूनतम समर्थन मूल्य देने की बात कह रहे हैं। 5 साल तक मुख्यमंत्री रहने के बाद इस तरह के आंकड़े पेश करना दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रदेश में में अभी सेब पर 12 रुपए समर्थन मूल्य पर मिल रहा है। भाजपा के समय में समर्थन मूल्य केवल 50 पैसे बढ़ता था, लेकिन वर्तमान प्रदेश सरकार ने एक साथ 1.50 रुपए सेब का समर्थन मूल्य बढ़ाया है।इस दौरान नरेश चौहान ने केंद्रीय राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी को भी निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि बीते रोज प्रेस कांफ्रेंस के दौरान मीनाक्षी लेखी ने गलत आंकड़े और तथ्य पेश कीए। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 50 फीसदी इंपोर्ट ड्यूटी सेब पर दी। जबकि भाजपा के लोग सेब पर 100 फीसदी इंपोर्ट ड्यूटी देने का वादा करते थे। साथ ही साथ नालदेहरा से उपर बिजली पर दिए गए लेखी के बयान पर नरेश चौहान ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि बीजेपी के राष्ट्रीय नेता यहां आकर भ्रामक को और गलत बयानबाजी कर रहे हैं। नरेश चौहान ने मीनाक्षी लेखी के बहाने भाजपा राष्ट्रीय नेताओं को भी नसीहत दी। नरेश चौहान ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय नेता हिमाचल जरूर आएं, लेकिन जब वह आए तो उनके पास सही आंकड़े भी हों।

**नरेश चौहान उपाध्यक्ष हिमाचल कांग्रेस:** उधर सातवें चरण के चुनाव की अधिसूचना जारी होने में महज एक दिन बाकी है। कांग्रेस फिलहाल 6 में से 5 विधानसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार तय कर पाई है। इसको लेकर कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश चौहान ने कहा कि धर्मशाला सीट पर आज या कल में नाम तय हो जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस उम्मीदवारों के चयन को लेकर फूंक-फूंक कर आगे बढ़ रही है। नरेश चौहान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अब तक सभी सीटों पर मजबूत प्रत्याशी उतारे हैं। वहीं धर्मशाला सीट पर भी नाम जल्द तय हो जाएगा।

### बीएएसएफ ने किसानों के लिए लॉन्च किया एफिकॉन कीटनाशक

**मंडी:** छेदकर रस चूसने वाले कीट भारत में कृषि फसलों के लिए बड़ा संकट पैदा करते हैं जिससे उत्पादकता और फसलोपज में 35 से 40 प्रतिशत तक भारी नुकसान पहुँचता है अब भारतीय किसान आज लॉन्च किए गए बीएएसएफ के नए कीटनाशक एफिकॉन की सहायता से इस मुश्किल भरी चुनौती पर काबू पा सकते हैं। एफिकॉन एक विशेष फॉमूर्लेशन में बीएएसएफ के नए एक्टिव इंग्रीडिएंट एक्सालियॉन की शक्ति से लैस है।एशिया पैसिफिक स्ट्रेटजी के अनुरूप बीएएसएफ खास तौर से स्थानीय बाजार की जरूरतों के लिए समाधान विकसित कर रहा है।बीएएसएफ एग्रीकल्चरल सॉल्यूशंस एशिया पैसिफिक की सीनियर वाईस प्रेसिडेन्ट सिमोन बर्ग ने कहा बीएएसएफ में हम जो कुछ भी करते हैं वह कृषिकार्य के प्रति लगाव के चलते करते हैं। हम किसानों की जरूरतों को समझने के लिए किसानों की आवाज सुनकर काम करने के प्रति समर्पित हैं जिससे कि फसलों को कीटों से बचाने और उत्पादकता बढ़ाने की मुश्किल चुनौती का सफलतापूर्वक सामना करने में उनकी मदद करने के लिए हम अपनी विशेषज्ञता का प्रयोग कर धरती पर सबसे बड़े काम में सहायता प्रदान कर सकें। बीएएसएफ इंडिया के एग्रीकल्चरल सॉल्यूशंस के बिजनेस डायरेक्टर गिरिधर रानुवा ने कहा यह नवाचार दुनिया भर में विभिन्न प्रकार के रस चूसने वाले कीटों को काबू में लाने में किसानों की मदद करने की बीएएसएफ की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।




# चूडेश्वर सेवा समिति की बैठक संपन्न हुई

**एसपी जैरथ**

**नाहन :चूडेश्वर** सेवा समिति कफोटा की आम सभा सनातन धर्म सभा कफोटा में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता वर्तमान अध्यक्ष अतर सिंह पुंडीर के अध्यक्षता ने की। बैठक में मुख्य रूप से चुड़धार में निर्माण अधीन मंदिर के लिए सहयोग राशि देने बारे और समिति का आय व्यय का हिसाब और नई कार्यकारिणी का गठन वाले चर्चा हुई।बैठक में पुरानी कार्यकारिणी को सर्वप्रथम भंग किया गया और नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। सभी सदस्यों ने आपस में विचार विमर्श करके नई कार्यकारिणी का गठन किया। समिति के सदस्य ने निर्णय लिया कि वीर विक्रम सिंह चूड़ेश्वर सेवा समिति कफोटा के नए अध्यक्ष होंगे। इसके बाद सभी सदस्यों ने कार्यकारिणी का गठन किया।जिसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुंदर सिंह तोमर, उपाध्यक्ष लायक राम शर्मा, उपाध्यक्ष बस्ती राम चौहान, महासचिव तपेंद्र सिंह ठुंडू, सह सचिव संजीव ठूंडू, कोषाध्यक्ष ज्ञान ठाकुर, मुख्य सलाहकार रतिराम शर्मा, सलाहकार लायक राम कपूर को कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गया। नई अध्यक्ष वीर विक्रम सिंह ने सर्वप्रथम सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया कि उन्हें यह जिम्मेदारी दी।

अध्यक्ष ने सभी सदस्यों को विश्वास दिलाया कि जिस तरह से समिति ने पहले काम किया है नई कार्यकारिणी दुगनी गति से समिति के काम को और आगे बढ़ाएगी। अध्यक्ष ने कहा कि समिति का मूल उद्देश्य धार्मिक और सामाजिक कार्यों में हमेशा अग्रणी रहना और समाज के सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहना इस पर पूरा ध्यान दिया जाएगा।

# झुंगी और पोलिंग बूथ बरनोग में दिलाई मतदान की शपथ

**सुभाग सचदेवा**

**गोहर :** मा भी पाणा वोटथीम के तहत नाचन विधानसभा की स्वीप टीम ने आज 6 मई 2024 को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला झुंगी और पोलिंग बूथ बरनोग जाकर मतदान प्रक्रिया तथा इसके महत्व को समझाया। एसडीएम गोहर ने बच्चों, अध्यापकों और कार्यक्रम में उपस्थित अन्य लोगों को मतदान की शपथ दिलाई। बच्चो को बोला गया कि 1 जून 2024 को होने वाले लोकसभा चुनाव वाले दिनए बच्चे अपने घरवालों और अन्य लोगों को साथ लेकर अपने-अपने मतदान केंद्र पर पहुंचकर भरपूर मतदान करने को प्रेरित करें तथा नाचन में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने में सहयोग करें। उन्होंने बताया कि इस बार लोकसभा




चुनाव में नाचन विधानसभा में 81प्रतिशत मतदान का लक्ष्य रखा गया है जन सहयोग से उसे पुरा करना है। इस अवसर पर स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत पेंटिंग, नारा लेखन और भाषण प्रतियोगिता में प्रथम और द्वितीय स्थान पाने वाले बच्चों को सर्टिफिकेट बांटे गए। झुंगी स्कूल के पेंटिंग में मेघा और सुनाक्षी, नारा लेखन में चेष्ठा और दीपिका, भाषण में अनमोल और साक्षी क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान पर रहे। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला झुंगी को बच्चों द्वारा अपने सांस्कृतिक कार्यकर्मों में मतदान करने का संदेश दिया गया। अनमोल वर्मा ने अपने दमदार भाषण से मतदान का महत्व बताया। उपासना व सहेलियों ने मतदाता जागरूकता समूहगान पेश किया। विद्यार्थियों द्वारा मतदान पर नुक्कड़ नाटक भी पेश किया गया। स्वीप टीम के नोडल ऑफिसर पवनजीत कश्यप ने मतदाता जागरूकता गीत प्रस्तुत किया। इसके बाद एसडीएम गोहर ने स्वीप टीम साथ नाचन के एक दुर्गम मतदान केंद्र 69-बरनोग का भी दौरा किया। यह मतदान केंद्र मिशन 414 के अंतर्गत आता है। क्योंकि पिछले लोकसभा चुनाव में यहाँ पर बहुत कम मतदान हुआ था। एसडीएम द्वरा मतदान का आह्वान करने के बाद मौके पर उपस्थित बरनोग के लोगों ने इस बार बढ़.चढकर मतदान करने की बात कही। बरनोग मतदान केंद्र में वार्ड मेंबर ढमेश्वर, सुनीता, बीएलओ रजनी, गांव के लोग उपस्थित थे।

# ऐथलेटिक्स प्रतियोगिता 10 व 11 मई को सिंथेटिक खेल मैदान अणु में होगी : पंकज

**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर:हमीरपुर** जिला ऐथलेटिक्स संघ की वार्षिक प्रतियोगिता 10 व 11 मई को सिंथेटिक् खेल मैदान अणु में आयोजित की जाएगी। संघ की बैठक के उपरांत जिलाध्यक्ष पंकज भारतीय ने बताया कि यह प्रतियोगिता दो दिन में आयोजित की जाएगी। 10 मई को अंडर 14, अंडर 16, अंडर 18, अंडर 20 व पुरूष व महिला वर्ग की प्रतियोगिता रहेगी।11 मई को अंडर 8 अंडर 10 व अंडर 12 समूह में बालक व बालिकाओं दोनों के लिए यह प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।इस प्रतियोगिता के आधार



पर जून माह में होने वाली प्रदेष स्तरीय प्रतियोगिता व नार्थ जोन प्रतियोगिता के लिए भी खिलाडियों का चयन किया जाएगा। प्रतियोगिता में पंजीकरण करवाने की अंतिम तिथि 9 मई तय की गई है। इसके बाद किसी खिलाडी का पंजीकरण नहीं किया जाएगा। कोई भी खिलाडी इस प्रतियोगिता में नंगें पांव नहीं दौडेंगा। पंजीकरण की अंतिम तिथि 9 मई को, इसके बाद कोई पंजीकरण नहीं होगा उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में खिलाडी 30मी, 40मी, 50मी, 60मी, 100मी, 200मी, 400मी, 600मी, 800मी, 1500मी, 2000मी, 3000मी, 5000मी, लंबी कूद, गोला फेंक, 4 गुना 100 मी मिक्स रिले रेस में भाग लेंगे।

खिलाडी अपने साथ अपनी आयु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की कापी लेकर आएगें। नगें पांव नहीं दौड सकते हैं खिलाडी उन्होंने बताया कि पंजीकरण के संदर्भ में अधिक जानकारी के लिए खिलाडी, कलब या फिर स्कूल महासचिव संपर्क कर सकते हैं।

## बूथ पर मतदाताओं से संपर्क किया गया



**चमन शर्मा**

**शिमला: दिनांक** 6-5-24 को बूथ नंबर 34ए, (भराडी.) में महिला मोर्चा मंडल द्वारा बूथ पर मतदाताओं से संपर्क किया गया। इस अभियान में महिला मोर्चा शिमला मंडल अध्यक्षा संगीता सूद, जिला महामंत्री किरण शर्मा, मंडल महामंत्री लता कौशल सचिव पुनीता शर्मा, जिला महामंत्री आईटी संयोजिका कविता सूद, जिला कार्यकारिणी सदस्य बिंदु सूद तथा संयोजिका शमा सूद उपस्थिति रहीं।

# 06 से 10 जून तक धरेच में गूंजेगी संगीत की स्वर लहरियां



**चमन शर्मा**

**शिमला:** शिमला जिला की सुरम्य घाटी धरेच के गुरूकुल नगर में आगामी 6 से 10 जून तक संगीत का बहुत का बहुत बड़ा कार्यक्रम तबला समर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें देश और विदेश के करीब 35 तबला प्रेमी भाग लेने जा रहे हैं। तबला में स्वर्ण पदक से विभूषित विक्रम गंधर्व इस कैंप में रिसोर्स पर्सन की भूमिका निभाएंगें। विक्रम गंधर्व ने विशेष बातचीत के दौरान बताया कि प्रदेश में यह अपनी किस्म का दूसरा संगीत सम्मेलन होने जा रहा है जबकि बीते नवंबर माह को इस गुरूकुल में विंटर तबला सम्मलेन का आयोजन किया गया था। इन पांच दिनों में धरेच की सुरम्य घाटी संगीत की स्वर लहरियों से सराबोर होगी। इस शिविर में प्रदेश के अलावा देश व विदेश से जिसमें प्रसिद्ध तबला वादक भाग लेगें। विभिन्न राज्यों और विदेश आने वाले तबला वादकों में प्रमुख हैं अमेरिका से हेतुल ठक्कर वह शुभम ठक्कर, दुबई से मनोज, मुंबई से नचिकेत पंत वैद्य सीईओ ऑफ सोनी एंटरटेनमेंट टैलेंट वेंचर टेलीविजन, मुंबई से नीरज आचार्य, गुजरात से क्रुणाल व क्रुदय, केरल से हरि कृष्णा, कृष्णा व आर्दा कृष्णा, बनारस से संतोष व अमन राज मध्य प्रदेश से निकिता सोनी उत्तराखंड से डॉक्टर हर्षवर्धन व मुकेश राजस्थान से दीपान कर्नाटक से चरण, पंजाब से डॉक्टर भट्टी दिल्ली से आयुष,नवधीश,सारंग सुमित सिंह वह सृष्टि शिमला से जतिन, दिव्यांशु, सूर्यांश, आस्तिक ,अभिषेक,अनिरु, शिवांश व रूपल सहित 35 तबला वादक भाग लेगें। बता दें कि विर्क्रम गंधर्व मूलतः कसुपंटी निर्वाचन क्षेत्र के धरेच के निवासी है जिन्होने संगीत में एमफिल की है और पीएचडी करने जा रहे हैं। इनके पिता हेतराम गंधर्व पुलिस विभाग से सब इंस्पेटर रिटायर हुए हैं। विक्रम को तालए सुर और लय का ज्ञान घुटटी में ही मिला है चूंकि इनके परिवार के सभी लोग पारंपरिक संगीत विद्या को बदलते परिवेश में संजोए हुए हैं।

**आयोजन**

**बीते नवंबर माह को इस गुरूकुल में विंटर तबला सम्मलेन का आयोजन किया गया था**

# छात्रा अवनी ने जिला शूटिंग चैंपियनशिप में जीता रजत पदक

**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर: ऑलमाइटी** पब्लिक स्कूल की कक्षा आठवीं की छात्रा अवनी सिंह ने द्वितीय जिला शूटिंग चैंपियनशिप में व्यक्तिगत रजत पदक जीता। उनकी स्पर्धा 10 मीटर पिस्टल में 14 वर्ष आयु वर्ग में थी। शूटिंग चैंपियनशिप कैरियर पॉइंट यूनिवर्सिटी, हमीरपुर में आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में रजत पदक जीतने के साथ ही अब वह जून 2024 में होनेवाली हिमाचल प्रदेश राज्य शूंटिंग चैंपियनशिप में भाग लेने के योग्य हो गई हैं।मेरा लक्ष्य ही मेरा सपना है और मैं उसे परिश्रम करके हासिल कर ही लूंगी इससे पहले भी अवनी सिंह




राज्य शूटिंग चैंपियनशिप में भाग ले चुकी है। हर प्रतियोगिता की सफलता के पीछे मेहनत छिपी होती है। अवनी सिंह ने बताया कि वह अपनी पढ़ाई के साथ-साथ शूटिंग की भी तैयारी करती है। ऑलमाइटी पब्लिक स्कूल में शूटिंग की व्यवस्था भी है जिससे कि बच्चों को उनके अंदर छिपे अपने हुनर को निखारने का अवसर मिलता है। अपनी पढ़ाई के बाद वे शूटिंग की तैयारी करती हैं।उन्हें शूटिंग करना बहुत अच्छा लगता है। वह शूटिंग जगत में अपना नाम करना चाहती हैं। इसके लिए वह कड़ी मेहनत करती हैं और साथ.साथ अपनी पढ़ाई का भी ध्यान रखती हैं। वह खेल जगत में तो मेहनत कर ही रही हैं साथ ही साथ वह अपनी पढ़ाई में भी अव्वल हैं। राज्य प्रतियोगिता के लिए वे ज्यादा से ज्यादा तैयारी कर रही हैं। ताकि आने वाली प्रतियोगिता में वह स्वर्ण पदक अपने नाम कर सकें।

ऑलमाइटी पब्लिक स्कूल के प्रबंध निदेशक कुलबीर सिंह, प्रिंसिपल डायरेक्टर सी, पूजा मिन्हास, प्रधानाचार्या निवेदिता शर्मा व अध्यापकगणों ने अवनी सिंह को उनकी इस जीत के लिए हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की।

# भोपाल के 40 डॉक्टरों की विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा

**नरेंद्र अंगारिया**

**केलांग :1974 बैच** के 40 डॉक्टरों ने 50 वर्षों बाद अपने मेडिकल कैरियर एवं समाज में उनके योगदान पर विशेष चर्चा की। तीन दिवसीय अनुगूंज कार्यक्रम के तहत चिकित्सीय जगत की इस महान हस्तियों ने अपने अपने अनुभव सांझा किए । मनाली की नैसर्गिक सुंदरता के बीच स्वास्थ्य लाभ भी लिया। मनाली में विनायक नेत्रधाम की ओर से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। विनायक नेत्रधाम के संस्थापक एवं कार्यक्रम के आयोजक डा. योगेंद्र विनायक ने कहा कि कोरोना के बाद मनुष्य की जीवन शैली में भरी बदलाव हुआ है उसको लेकर जहां सभी डॉक्टरों ने मंथन किया वहीं अपने अपने चिकित्सीय क्षेत्रों के 50 वर्षों के अपने अनुभवों और आधुनिक जीवन शैली पर उनके प्रभावों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इसके साथ ही




अटल टनल रोहतांग और मनाली की बर्फ से लकदक वादियों को भी निहारा। इस अवसर पर उपस्थित डा. वर्षा मुखर्जी और कर्नल कुनाल मुखर्जी ने कहा कि निसंदेह मनाली बहुत खूबसूरत है लेकिन शहर को व्यवस्थित करने में स्थानीय प्रशासन को और अधिक ध्यान देने की जरूरत है। इस अवसर पर जिन डॉक्टरों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया उनमें एमपी सरकार के पूर्व डायरेक्टर नेशनल हेल्थ मिशन डा. पंकज शुक्ला उनकी पत्नी स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. आभा शुक्ला, गांधी मेडिकल कालेज भोपाल के पूर्व डीन एवं चिकित्सा अधीक्षक डा. दिमेश पाल, इंदौर के शिशु रोग विशेषज्ञ डा. दिलीप जैन, कार्डियोलॉजिस्ट डा. कैलाश सिंघल, डा. वीरेंद्र मोहन, पैथोलॉजिस्ट डा. हर्ष मिश्रा, एमपी स्वास्थ्य सेवाओं के पूर्व डायरेक्टर डा. केएल साहू, मेडिकल स्पेशलिस्ट डा. प्रमोद राठौर, एमपी स्वास्थ्य सेवाओं से सेवानिवृत स्त्री रोग विशेषज्ञ डा.अनिता वर्मा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. अर्चना सक्सेना, पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.सरला, उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य सेवाओं से सेवानिवृत डायरेक्टर डा. हर्षा सूद, गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल के पूर्व प्रोफेसर एवं कार्डियोलॉजी विभाग के हेड डा. बीएस यादव और उनकी पत्नी वंदना यादव, हिमाचल प्रदेश के राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय हमीपुर की पूर्व प्रोफेसर एवं हेड डा. सुरिंदर कौर, डा. आरके, डा. प्रीति, डा. कुसू और डा. वर्षा मुखर्जी और उनके पति कर्नल कुनाल मुखर्जी शामिल थे। तीन दिवसीय अनुगूंज के समापन अवसर पर आयोजक डा. विनायक ने कहा कि इन सभी चिकित्सकों का समाज के लिए अतुलनीय योगदान रहा है और आज भी उसी तरह से समाज के लिए चिकित्सीय जगत में अपनी सेवाएं दे रहे है।

**सांझा किए**

**अनुगूंज कार्यक्रम के तहत चिकित्सीय जगत की इस महान हस्तियों ने अपने अपने अनुभव सांझा किए**

# 8 को मंडी जिला के नाचन में होगी राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा की विशाल जनसभा: राकेश

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं सुंदरनगर के विधायक राकेश जम्वाल ने कहा कि हिमाचल के सपूत भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा मंडी जिला में आठ मई को विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा का चुनावों की दृष्टि से यह मंडी संसदीय क्षेत्र का पहला दौरा एवं महत्वपूर्ण दौरा है। बिलासपुर में पन्ना प्रमुख सम्मेलन को संबोधित करने के बाद मंडी जिला के नाचन विधानसभा के सेगली में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। जम्वाल ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के दौरे को लेकर उत्साह है और इस दौरे के बाद और उत्साह से भाजपा



कार्यकर्ता अपने अपने बूथ पर काम करेंगे। भाजपा हिमाचल ने लोकसभा की चारों सीटें जितने का लक्ष्य रखा है और नारा दिया है 4 की 4। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए कार्यकर्ता अपने बूथ पर मेहनत करेगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष के इस दौरे के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में एक ऊर्जा का संचार होगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल के लिए यह एक गर्व की बात है कि आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के अध्यक्ष हिमांचल प्रदेश से सबंध रखते है।

उन्होंने कहा कि भाजपा की मोदी सरकार ने सभी वर्गों के हित के लिए अनेकों जनहित की योजनाओं को चलाया है जिसका लाभ आज गरीब से गरीब आदमी को मिला है। यही कारण है कि आज नौजवानए बुजुर्गए महिलाओं सहित सभी वर्ग केंद्र की मोदी सरकार से खुश है। मंडी संसदीय क्षेत्र से मंडी की बेटी को लोकसभा का उमीदवार बनाया है। निश्चित तौर पर मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे।

## न्यूज फ्लैश

### पुलिस में होने का झांसा देकर 1 लाख 20 हजार रुपये ठगे

**गन्नौर: पुलिस में होने** का झांसा देकर एक व्यक्ति ने पेट्रोल पंप पर नौकरी करने वाले बुजुर्ग से करीब 1 लाख 20 हजार रुपये ठग लिए। पीड़ित ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में चिरस्मी गांव के जसबीर ने बताया कि वह जय भारत पेट्रोल पंप पर नौकरी करता है। जय भारत पंप पर सतनारायण उर्फ सत्यवान निवासी गांव कासंडी पुलिस की वर्दी में आया। उसने अपना पुलिस का आई कार्ड भी दिखाया। सतनारायण ने उसे पुलिस द्वारा पकड़ा हुआ ट्रैक्टर सस्ते दाम में दिलवाने का झांसा दिया। सतनारायण की बातों में आ उसने खाते में व उसके दोस्त दीपक के गूगल पे पर 1 लाख 20 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। कुछ रुपये उसने दूसरे के खाते से भी ट्रांसफर कर दिए। जब उसने अपने रुपये मांगे तो सतनारायाण ने उसे पुलिस की धमकी दी। जब उसने अपने स्तर पर पता किया तो सतनारायण पुलिस में नहीं पाया गया। अब रुपये मांगने पर सतनारायण उसे जान से मारने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने जसबीर की शिकायत पर आरोपित सतनारायण के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपित को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### लोक गायक राजकिशन अगवानपुरिया की 30वीं 12 को

**गन्नौर: लोक गायक** राजकिशन अगवानपुरिया की 30वीं पुण्यतिथि पर विशाल रागनी कार्यक्रम का आयोजन 12 मई को अगवानपुर गांव के मुख्य पार्क में किया जाएगा। जानकारी देते हुए स्व. राजकिशन अगवानपुरिया के सुपुत्र दीपक अगवानपुरिया ने बताया कि कार्यक्रम में मन्नत ग्रुप के चेयरमैन समाजसेवी देवेंद्र कादियान, समाजसेवी परमिंद्र शर्मा व गुड़गांव से समाजसेवी नितिन त्यागी बतौर मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। जबकि हरियाणवी गायक मासूम शर्मा, गोल्डी यूपी, विकास कुमार, नरेंद्र कौशिक समचाना वाले व विष्णू दत्त शर्मा विशिष्टातिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में कई गायक व कलाकार भी शिरकत करेंगे। उन्होंने लोगों से कार्यक्रम में पहुंचने का आह्वान किया।

### सोमवार को 18 प्रत्याशियों ने भरे अपने नामांकन पत्र

**सोनीपत: 18वें आम** लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत सोनीपत संसदीय क्षेत्र के लिए नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया के अंतर्गत नामांकन के अंतिम दिन सोमवार को 18 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। नामांकन पत्र दाखिल करने वालों में राष्ट्वीय गरीब दल से बिशनपुरा जींद के सुनील कुमार, आम आदमी परिवर्तन पार्टी से नरेश कश्यप, समता पार्टी से राकेश दहिया, राष्ट्वीय समाज दल आर से वीर सैन, फौजी जनता पार्टी से संतोष, आजाद उम्मीदवार के तौर पर डॉ कमलेश कुमार सैनी, अमित, रोहताश, सुमित, सुरेन्द्र, दीपक, नरेन्द्र कुमार, निर्मल सिंह, सतपाल, रमेश कुमार खत्री व संजय दास ने अपना नामांकन दाखिल किया। वहीं जननायक जनता पार्टी के प्रत्याशी कवरिंग प्रत्याशी के तौर पर साहिल मलिक तथा इनेलो के कवरिंग प्रत्याशी के तौर पर मंजू ने अपना नामांकन जमा करवाया। नामांकन दाखिल करने वाले प्रत्याशियों ने सभी प्रक्रियाओं को पूरा करते हुए सोनीपत लोकसभा के रिटर्निंग अधिकारी एवं सोनीपत के उपायुक्त डॉ मनोज कुमार के समक्ष सविंधान के प्रति निष्ठा की शपथ भी ली। उपायुक्त ने बताया कि आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक सम्पन्न करवाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक एवं पुख्ता प्रबंध किए गए है। एमसीएमसी द्वारा भी फेक और पेड न्यूज पर नजर रखी जा रही है। प्रत्याशियों के नामांकन की जांच 7 मई को होगी वहीं नामांकन वापिस लेने की तिथि 9 मई है।

# श्री अखण्ड शिव दुर्गा मन्दिर के 21वें वार्षिक सत्संग एवं भंडारा सम्पन्न

## जिसे संतों का आशीर्वाद मिल जाए उसे कोई हरा नहीं सकता : राजीव जैन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

बरसत रोड स्थित जसबीर कालोनी में श्री अखण्ड शिव दुर्गा मन्दिर का 21वां वार्षिक सत्संग एवं भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें समाजसेवी सतीश वर्मा एवं उनकी पत्नी ममता के सौजन्य से श्री रामचरित्र मानस का अखण्ड पाठ कराया गया। वहीं प्रसिद्ध भजन गायक प.आत्म प्रकाश वशिष्ठ ने अपने भजनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को झूमने के लिए मजबूर किया। ध्वजारोहण राजीव जैन ने किया। रिबन काटने की रस्म अनन्तराम खुराना ने की एवं ज्योत प्रचण्ड हीरा मल्होत्रा ने की। मंच संचालन मदन लाल आजाद ने किया। श्री स्वामी महेशानंद जी महाराज द्वारा पावन प्रवचन किए गए। इसके अलावा श्री श्री 108 स्वामी परमानंद भैयाजी, श्री श्री 108 स्वामी विश्वेशरानंद जी महाराज हरिद्वार ने भी अपना आशीर्वाद दिया। समारोह में आए सभी संतों का फूल माला डालकर व उपहार देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व पार्षद विजय जैन रहे। श्री श्री 108 महेशानंद जी महाराज ने विजय जैन को आशीर्वाद देते हुए कहा कि उन्हें समाजसेवा करने का मौका अवश्य मिलेगा। जिसने समाज को अपना लिया और समाज ने उसे अपना लिया उसे कामयाबी जरूर मिलेगी। वहीं विजय जैन ने कहा कि अगर जनता ने उन्हें सेवा का अवसर दिया तो वह ईमानदारी से जन सेवक की भूमिका निभायेंगे। मुख्य अतिथि राजीव जैन ने कहा कि आज वह जो भी है संतों के आशीर्वाद से है। जिसे संतों का आशीर्वाद मिल जाए उसे कोई हरा नहीं सकता। सभी अतिथियों का पगड़ी पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर दिनेश खुराना, अशोक कालड़ा, अनिल बत्तरा, जगन्नाथ आन्नद, सुनील गोयल, रामलाल मदान, बलदेव अरोड़ा हनुमान, राजेन्द्र गोयल, जुगल आन्नद, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



# कानून का राज स्थापित करने के लिए लड़ूंगा लड़ाई: हरजीत सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। शिरोमणि** अकाली दल अमृतसर (मान) के प्रदेशाध्यक्ष हरजीत सिंह ने आज करनाल- पानीपत संसदीय क्षेत्र से सैकड़ों समर्थकों के साथ नामंकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समानता पर आधारित समाज के निर्माण और देश में कानून का राज स्थापित करने के लिए वह चुनाव में उतरे हैं।

उन्होंने कहा कि आज सरकार ने हजारों बेगुनाह युवकों को जेल में डाल दिया है। किसानों का दमन किया जा रहा है। सरकार किसानों पर जुल्म बरपा रही है, इसलिए वह मैदान में हरियाणा के पूर्व सीएम मनोहर लाल के सामने खडे हुए हैं। उन्होंने कहा कि आजाद समाज पार्टी तथा भीम आर्मी के प्रमुख चंद्रशेखर रावण ने उन्हें अपना समर्थन दिया है।

इससे पहले सैकडों समर्थकों के साथ ढोल बजाते हुए वह मिनी सचिवालय पहुंचे। जगह-जगह उनका जोरदार स्वागत किया गया। उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी के सामने जाकर अपना नामंकन पत्र दाखिल किया। उनके साथ जगतार सिंह हवारा के पिता गुरचरन सिंह, किसान नेता मनोज सिंह दूहन, हरपाल सिंह जलमाना, हरदीप सिंह, वरिंदर सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

# श्री घण्टाकर्ण मासिक श्रद्धालु संगम आज

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** इन्द्री रोड़ स्थित मनोकामनापूरक संकटमोचक श्री घण्टाकर्ण महावीर देवस्थान पर प्रत्येक महीने के कृपा दिवस कृष्ण चौदस पर हर बार की भांति मासिक श्रद्धालु संगम का विशेष भक्तिमय आयोजन 7 मई को शान्तमूर्ति महासाध्वी श्री प्रमिला जी महाराज एवं महासाध्वी श्री जागृति जी महाराजइ की पावन नेश्राय में उत्साह एवं भक्तिपूर्वक आयोजित किया जा रहा है।

श्री घंटाकर्ण जी जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के शासनरक्षक देव एवं तन्त्र-मन्त्र-यन्त्र की साधना को सफल करने वाले अलौकिक शक्ति सम्पन्न देव हैं। देवस्थान दर्शनार्थ सुबह 6 बजे से शाम 7 बजे तक खुला रहेगा। प्रातःकालीन आरती सुबह 9 बजे होगी तथा सायंकालीन सांय 6.30 बजे होगी।

अमृतसिद्धि तथा सर्वार्थसिद्धि योग का मेल होने के कारण इस महीने की चौदस ज्योतिषीय दृष्टि से अधिक कृपादायक तथा मनोवांछित दायिनी है। कार्यक्रम के उपरांत महाआरती होगी। इस महाआरती एवं सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रीतिभोज का लाभ सुरेन्द्र कुमार जैन (इंदरगढ़ वाले) रोहतक निवासी द्वारा लिया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में बृहत श्री घण्टाकर्ण स्तोत्र सुनाया जाएगा।

प्रातःकालीन आरती की रस्म संपन्न करने के लिए कांग्रेस प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धिराजा, करनाल विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी स. तरलोचन सिंह अपने विशिष्ट सहयोगियों सहित सुबह 8 बजे हाजिर रहेंगे। सायंकालीन आरती का लाभ लेने के लिए एसपी दीपक सहारन, जिला न्यायावादी पंकज सैनी उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालु देव कृपा से अपने मनोरथों की पूर्ति हेतु आशीर्वाद लेने के लिए उपस्थित होंगे। मंदिर प्रबंधन ने कृपा-प्राप्ति के इच्छुक सभी भक्तजनों से इस मौके पर पहुंचकर लाभ उठाने का विशेष आग्रह किया है।

# डीएवी सैंटेनरी पब्लिक स्कूल में कराया शपथ ग्रहण

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**डी ए वी सैंटेनरी** पब्लिक स्कूल समालखा में स्कूल परिफेक्ट बॉडी का विधिवत गठन करके शपथ ग्रहण समारोह करवाया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने कैप्टन वाइस कैप्टन तथा स्पोर्ट्स कैप्टन का पदभार ग्रहण कर अपने-अपने उत्तरदायित्व का निष्ठा पूर्वक निर्वाह करने की शपथ ग्रहण की। स्कूल प्राचार्या के साथ सभी अध्यापकों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की परीक्षा करते हुए 12वीं कक्षा के वंशज ढांडा को हेड बॉय तथा नेहा को हेड गर्ल के रूप में चुना। इसके पश्चात दयानंद सदन से नवी कक्षा से 12वीं कक्षा तक गौरांश और भूमिका को कैप्टन हर्षित और कोमल को वाइस कैप्टन तथा प्रिंस और शालू को सपोर्ट्स कैप्टन चुना। छठी से आठवीं कक्षा तक लक्ष्य को कैप्टन जीविका को वाइस कैप्टन तथा रिया का सपोर्ट्स कैप्टन चुना। गांधी सदन से 12वीं कक्षा तक अंशिका तथा संयम को कैप्टन पुलकित को वाइस कैप्टन तथा तनीषा राठी और अक्षर को सपोर्ट्स कैप्टन चुना छठी से आठवीं कक्षा तक सुनैना को कैप्टन प्रतीक को वाइस कैप्टन और हर्ष को सपोर्ट्स कप्तान चुना। टैगोर सदन से नवी से 12वीं कक्षा तक कुणाल तथा महक को कैप्टन सनी और वंशिका को वाइस कैप्टन अभय और जानवी को सपोर्ट्स कैप्टन चुना ।

छठी से आठवीं कक्षा तक अभिषेक को कैप्टन प्रिंसया को वाइस कैप्टन तथा मन्नत को सपोर्ट्स कप्तान चुना । विवेकानंद हाउस से नवी से 12वीं कक्षा तक अंशुल और श्रुति को कैप्टन दीपांशु और शिवानी को वाइस कैप्टन आदित्य और भांति को सपोर्ट्स कप्तान चुना। स्कूल परफेक्ट बॉडी के सभी चयनित अधिकारियों को उनके कर्तव्य समझाकर शपथ दिलवाई गई। कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्रधानाचार्या भव्या शर्मा ने स्कूल परिफेक्ट बॉडी के सभी पदाधिकारियों को अपने कर्तव्य को लगन एवं निष्ठा से वहन करने और स्कूल अनुशासन में सहयोग करने के लिए प्रेरित किया।



# गुरुकुल के छात्रों ने किया आर्य समाज मॉडल टाउन का भ्रमण

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय** के नवनिर्मित महर्षि दयानन्द बाल गुरूकुल के छात्रों को संस्कारवान बनाने तथा आर्य समाज को बढावा देने के लिए आर्य समाज मॉडल टाउन पानीपत में भ्रमण करवाया। विद्यालय के नन्हे छात्रों को बैठाकर हवन यज्ञ करवाया गया जिसमें विद्यालय की अध्यापिकाएं भी हवन यज्ञ में शामिल रही। विद्यालय के प्राचार्य मनीष घनगस ने कहा कि विद्यालय के छात्रों को समय समय पर वैदिक संस्कार देने के कार्य किए जाते हैं। छात्रों को प्रतिदिन हवन यज्ञ में शामिल किया जाता है। उन्होने कहा कि मानव जीवन में संस्कारों का अत्यधिक महत्त्व है । संस्कारों का सर्वाधिक महत्त्व मानवीय चित्त की शुद्धि के लिए है । संस्कारों के द्वारा ही मनुष्य का चरित्र निर्माण होता है और विचारों के अनुरूप संस्कारय क्योंकि चरित्र ही वह धुरी है जिस पर मनुष्य का जीवन सुख शान्ति और मान.सम्मान को प्राप्त करता है । यदि संस्कार न हों तो हमारी सामाजिक जिम्मेदारियां और सामाजिक भागीदारी शून्य होगी। संस्कारों की पहली पाठशाला घर से शुरू होती है। हम जो घर से सीखते हैंए वही बाहर करते हैं। इसके बाद स्कूल में संस्कारों का समायोजन होता है। इसके अलावा संस्कारों में एक अहम संस्कार है जिसे परोपकार कहा जाता है। परोपकार के जरिए ही समाज में हम एक दूसरे की भावनाओं को समझ पाते हैं। इसी के जरिए हम एक दूसरे की मदद के लिए प्रेरित होते हैं। यदि यह संस्कार न हो तो हम समाज में कोई स्थान प्राप्त नहीं कर सकते। लिहाजा संस्कारों की कड़ी में हमें परोपकार के बारे में पता होना चाहिए और इसका अनुपालन भी सुनिश्चित करना चाहिए। तभी हम समाज में विशिष्ट स्थान बना पाने में कामयाब हो सकते हैं। जीवन में आगे बढ़ने के लिए अच्छे संस्कार तथा अनुशासन बहुत आवश्यक है। उसके लिए हर कार्य चाहे वह पढ़ाई खेल अथवा अन्य कार्य हों उसमें एक निश्चित समय अवधि का होना बहुत आवश्यक है। उसके लिए हमें अपने गुरु तथा माता.पिता बड़ों का सम्मान करना आवश्यक है। साथ ही हमें अपनी सोच को सकारात्मक रखना आवश्यक है। इस अवसर पर मोनिका, पारूल, प्रिया, सूमन, पूजा रानी, सविता खर्ब मौजूद रही।



**हवन यज्ञ**

▸▸ छात्रों को बैठाकर हवन यज्ञ करवाया गया जिसमें विद्यालय की अध्यापिकाएं भी हवन यज्ञ में शामिल रही

# धारा 144 के बावजूद भी नहरों में नहाते 10 साल से कम उम्र के बच्चे



**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

**सोनीपत, जिलाधीश डॉ** मनोज कुमार ने एक सप्ताह पहले ही आदेश जारी करते हुए कहा कि गर्मियों में जिला से गुजरने वाली नहरों के किनारों पर नहाने के लिए भारी संख्या में भीड़ इकट्ठा हो जाती है। जिसके कारण कई बार नहर में नहाने वालों की पानी में डूबने की आंशका बनी रहती है। क्योंकि नहरों में पानी का प्रवाह विभिन्न परिस्थितियों के अधीन है। जिलाधीश ने मानव स्वास्थ्य और सुरक्षा को देखते हुए भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 की शक्तियों का प्रयोग करते हुए नहरों में व्यक्तियों के प्रवेश और वहां स्नान करने पर पाबंधी लगाई हैं। बावजूद धारा 144 लगने के बावजूद खरखौदा के दिल्ली रोड पर नहर में रोजाना काफी संख्या में छोटे बच्चें नहरों में नहा रहे हैं। वही ऐसा भी देखने मे आया है कि नहरों में महिला भी नहाती नजर आई है। आपकी बतादे कि जिलाधीश ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि एक सप्ताह के अंदर सभी नहरों पर जगह-जगह नोटिस बोर्ड लगवाना सुनिश्चित करें ताकि नोटिस बोर्ड के माध्यम से लोगों को नहरों में न नहाने के प्रति जागरूक किया जा सके। लेकिन अभी तक कोई भी नोटिस बोर्ड नही लगवाया गया हैं। बच्चें खुलेआम नहरों में नहाने जा रहे है।

# सीवर जाम होने के कारण गंदा पानी भरा, लोग परेशान

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा: समालखा**

**न**गरपालिका के वार्ड 17 मे व पुरानी एक्सचेज वाली गली जो की 22 फुट चौडी लोगो ने अतिक्रमण कर 8 फुट भी नही रही यह रास्ता शहर को एक दर्जन गावों को जोड़ता है एक मात्र रास्ता है पर बीते दो दिनों से सीवर जाम होने के कारण गंदा पानी भरा हुआ है। सड़क के दोनों ओर बनी नालियों की पिछले कई माह से सफाई न होने के कारण नालिया बन्द पड़ी है इस कारण लोगों को पैदल आने जाने मे परेशानी हो रही है। पिछले दिनों हुई बारिश ने और मुसीबत बढ़ा दी थी। वैश्य स्कूल है जिस मे बच्चो को जुते उतार कर गन्दे पानी से निकलना पड़ता है सफाई व सिवरेज जाम होने से समालखा वासियो को काफी परेसानियो का सामना करना पड़ रहा है।



# दिशांत ने देव को हराकर फाइनल में जगह बनायी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**पानीपत क्लब में चल** रही 13 वीं आर्षिक जिलास्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के दूसरे दिन अहम मुकाबले खेले गये पॉल सिंह दोचक,सिनियर सिटीजन समाज सेवक एंड उद्योग पति ( एग्रीकल्चर के उपयोग आने वाली दवाई के निर्माता ) द्वारा आशीर्वाद दिया ओर शुभकामनायें दी। आज के पुरुष एकल मुकाबलों में दिशान्त एहलावत ने देव रावल को हराकर फाइनल में जगह बनायी व अकूल नांदल ने मनोज 15-14,15-14 से हराकर फाइनल में जगह बनायी युगल मुकाबलों में कार्तिक मलिक और आदित्य मलिक ने मनीष और विश्वंथ की जोड़ी को हराकर फाइनल में जगह बनायी अंडर 11 में राघव सेक्सेना ने अंशमन को हराकर फाइनल में जगह बनायी अंडर 11 गर्ल्स में धैर्य चावला ने प्रतिष्ठा को 15-6 15-9 से हराकर फाइनल में जगह बनायी इस प्रतियोगिता का कल समापन होगा इसमें पानीपत डिप्टी कमिश्नर वीरेंद्र कुमार व मुख्य अतिथि एस एस दत्त बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित करेंगे इस अवसर पर एसोसिएशन के प्रधान जुगल डावर , महासचिव दिनेश संदुजा ,ओ. पी. रानोलीया,सतीश महाजन,मुकेश मदान, भूपेंदर नादल, राम फल शर्मा ढार,विपिन शर्मा ,सुधांशु , अजय नादल, अरविन्द काजला आदि सदस्य मोजूद थे ।



# 'ओशो ने सामूहिक हास्य प्रक्रिया को दिया साइकोथेरेपी का रूप'

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: सोनीपत** जिले के दीपालपुर गांव में स्थित ओशो आश्रम श्री रजनीश ध्यान मंदिर में आयोजित एक सत्संग सभा में ओशो के अनुज स्वामी शैलेंद्र सरस्वती ने कहा कि हास्य-कला हमें ताजा और स्वस्थ करने की उल्लेखनीय क्षमता रखती है। विश्व हंसी दिवस इस कला का उत्सव मनाने के लिए समर्पित है । इस दिवस को मनाने का उद्देश्य हंसी के अनेक फायदों के बारे में सजगता बढ़ाना है। यह मन के शांत व विश्रामपूर्ण होने, मित्रों और अपरिचितों से भावपूर्वक जुड़कर हंसी साझा करने का सुअवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि सामूहिक हंसी अभ्यास में शामिल लोग वैश्विक एकता और मित्रता को बढ़ाते हैं। मेडिकल तथा साइकोलॉजिकल रिसर्च से भी यह पता चलता है कि व्यक्तिगत रूप से हंसी, तनाव दूर करने और मानसिक व हार्दिक आयाम की खिलावट में सहयोगी सिद्ध हुई है

स्वामी शैलेंद्र सरस्वती ने कहा कि सबसे पहले आध्यात्मिक सद्गुरु ओशो ने हंसी के महत्व को समझा और पूरी दुनिया को समझाया। वे अपने गंभीर दार्शनिक प्रवचनों के दौरान चुटकुले सुनाकर सबको हंसाते, फिर शांत-मौन ध्यान में डुबोया करते थे। 1988 में उन्होंने सामूहिक हास्य प्रक्रिया को एक साइकोथेरेपी का रूप दिया। उन्होंने बताया कि मिस्टिक रोज मेडिटेशन नामक इस 21 दिवसीय मनोचिकित्सा में प्रथम सप्ताह अकारण हंसना, दूसरे सप्ताह अकारण रोना और तीसरे सप्ताह साक्षी भाव में डूबना होता है। उपरोक्त मनोचिकित्सा प्रयोग के आशा से अधिक परिणाम आए, जिनसे प्रेरित होकर मुंबई के डॉ.मदन कटारिया ने देश में पहला लाफ्टर क्लब 1995 में शुरू किया। इसके बाद भारत में फिर देश के बाहर भी इस तरह के क्लब फैलते चले गए। स्वामी जी ने बताया कि मैं भी एक डॉक्टर हूं और चिकित्सक के रूप में आपसे शेयर करना चाहता हूं कि हमारे चेहरे की असली या नकली मुद्राएं और भाव-भंगिमाएं हमारे अंतस्तल को प्रभावित करती हैं। यदि हम उदासी या चिंता का 5 मिनट झूठा अभिनय ही करें तो हम पाएंगे कि वाकई हमारी मनस्थिति दुखद हो गई। अगर हम हंसें, मुस्कुराएं, बच्चों की तरह लोटपोट होकर खिलखिलाएं तो भीतर प्रसन्नता की लहर दौड़ जाती है। समूह में करने पर संक्रामक रोग की तरह फैलती हुई हंसी की तरंगें डिप्रेशन से बचाव करती हैं अर्थात इसे अवसाद की वैक्सीन समझिये। इस मौके पर रजनीश ध्यान मंदिर के प्रवक्ता स्वामी आनंद स्वभाव ने बताया कि दीपालपुर गांव में स्थित ओशो आश्रम श्री रजनीश ध्यान मंदिर में 7 से 12 मई तक ब्रह्म-चैतन्य साधना शिविर का आयोजन होगा ।



# अवैध हथियार सहित दो गिरफ्तार, एक अवैध देशी पिस्तौल व दो कारतूस बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। सीआइए असंध** की टीम ने गुप्त सुचना के आधार पर नाकाबंदी करके आरोपी अमनदीप पुत्र जयपाल वासी वार्ड शिमला बस्ती असंध और जशनदीप उर्फ सोनू पुत्र गुरबाज वासी असंध को कैथल रोड़ नया बाईपास असंध से गिरफ्तार किया। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से एक अवैध देशी पिस्तौल व दो कारतूस बरामद किए गए। आरोपियों के खिलाफ थाना असंध में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। सीआइए असंध के प्रभारी निरीक्षक मनदीप सिंह ने बताया कि दोनों आरोपियों को बीती शाम गुप्त सुचना के आधार पर उनकी टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया था। आरोपियों ने पूछताछ पर बताया कि वे हथियार रखने के शौकीन हैं और अपने शौक को पूरा करने के लिए वे इस पिस्टल को शामली यूपी से लेकर आए थे। उन्होंनें बताया कि जांच में सामने आया कि आरोपी अमनदीप के खिलाफ पहले भी आपसी विवद व शस्त्र अधिनियम की धाराओं के तहत कई मामले दर्ज हैं, जिनमें वह गिरफ्तार होकर जेल जा चुका है। आज दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।



## न्यूज फ्लैश

### जिला सोलन राइफल एसोसिएशन द्वारा टैगोर वनस्थली स्कूल कुठाड़ में तीनदिवसीय जिला स्तरीय शूटिंग कंपटीशन का आयोजन



**मनीष**

**सोलनः** हिमाचल प्रदेश राइफल एसोसिएशन के तत्वाधान में जिला सोलन राइफल एसोसिएशन द्वारा टैगोर वनस्थली स्कूल कुठाड़ में तीनदिवसीय जिला स्तरीय शूटिंग कंपटीशन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें विभिन प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी। प्रतियोगिताओं में 12 बोर में ट्रैप, राइफल स्पर्धा में 50 मीटर तथा 10 मीटर और पिस्तौल में 50 मीटर की प्रतिस्पर्धा करवाई जाएगी। एसोसिएशन के महासचिव विजय ठाकुर ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला राइफल एसोसिएशन जिला स्तरीय शूटिंग कंपटीशन करवा रही है जो की 9 से 11 मई तक टैगोर वनस्थली स्कूल में आयोजित करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक शूटर्स इस स्पर्धा में भाग लेने के रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

### बहड़ाला फीडर की बिजली आज बंद

**राजन पुरी**

**ऊनाः** 11केवी बहड़ाला फीडर की जरूरी मुरम्मत व रखरखाव के लिए 7 मई को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी विद्युत उपमंडल के सहायक अभियंता ई हरि मोहिंदर मोहन ने दी। उन्होंने बताया कि मंगलवार को गांव बहड़ाला, बडैहर, चताड़ा, भड़ौलियां, बारसड़ा में विद्युत आपूर्ति सुबह 9 से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी। उन्होंने जनता से सहयोग की अपील की है।

### लूट की घटना में चार आरोपी पकडे

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

थाना फरह पुलिस ने लूट के आरोपी चार अभियुक्तों को लूट के 2700 रुपये एवं आधार कार्ड तथा लूट की घटना में प्रयुक्त कार एवं तमंचा, कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। अभियुक्त कान्हा पुत्र अशोक निवासी चुरमुरागढी थाना फरह हाल निवासी सेठ प्रेमसुखदास इण्टर कालेज कस्बा व थाना फरह, महेन्द्र पुत्र देवी सिंह निवासी मुस्तफाबाद परखम थाना फ?ह, सलमान पुत्र अनवार निवासी व्यापारियान मौहल्ला कस्वा व थाना फरह, अर्जुन उर्फ सलमान पुत्र नईम निवासी व्यापारियान मौहल्ला कस्वा व थाना फरह को हनुमान मंदिर से करीब 100 कदम चौकी क्षेत्र टोल से गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से लूट के 27 सौ रुपये व आधार कार्ड एवं घटना में प्रयुक्त कार बरामद की है।

### गौडवाना एक्सप्रेस का पेंटो टूटा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

मथुरा दिल्ली रेल मार्ग पर आझई छाता के बीच गौडवाना एक्सप्रेस का पेंटो टूट गया। जिससे ट्रेन करीब एक घंटे तक खड़ी रही। रविवार की शाम पेंटो से टूटकर निकला लोहे का टुकडा ट्रेन के एसी कोच की खिडकी से टकरा गया। जिससे खिडकी का कांच टूट गया। टूटे कांच का टुकडा सीट पर बैठे ग्वालियर निवासी दंपति को जा लगा। जिससे वह घायल हो गये। रेलवे अधिकारी मौके पर पहुंच गये। घायल हुए ग्वालियर निवासी दंपति को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जिला चिकित्सालय से प्रथम उपचार देने के बाद छुट्टी दे दी गई।

### बच्चों के विवाद में दो पक्षों में मारपीट

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

शहर के मोहल्ला लालाराम मार्ग में बच्चों के बीच हुए विवाद को लेकर एक ही समुदाय के दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई, लाठी डंडे चले और पथराव हुआ। बवाल में कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हालात पर काबू पाया। घटनाक्रम के अनुसार मामला मोहल्ला के कबाडे वाली गली का है। बताते हैं कि पर इकराम, मुस्तकीम और जाविर के बच्चों के बीच रविवार की रात किसी बात को लेकर विवाद हो गया। कहासुनी के बाद विवाद बढ़ता चला गया। हालांकि मोहल्ले के लोगों ने मामला शांत करा दिया। लेकिन कुछ देर फिर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। फिर जमकर मारपीट हुई। एक दूसरे के ऊपर पथराव किया। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस को देखकर झगडा कर रहे लोग भाग खडे हुए। पुलिस ने बताया कि इस मामले में तहरीर मिलेगी तो कार्रवाई की जाएगी।

### ग्रामीणों ने की मंदिर, कुआं पर कब्जे की शिकायत

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

सौंख क्षेत्र के गांव नगला आशा में ग्राम समाज की जमीन को चिन्हित कर मुक्त कराने के एसडीएम गोवर्धन ने आदेश दिये हैं। एसडीएम ने यह आदेश मंदिर और कुआं की जमीन पर ग्रामीणों द्वारा किये गये कब्जे की शिकायत के बाद दिये हैं।

# हाथ से मैला उठाने की कुप्रथा से मुक्त जिला घोषित होने की दहलीज पर ऊना

## आधिकारिक घोषणा से पूर्व डीसी ने सभी पंचायतों और शहरी निकायों से मांगी रिपोर्ट

**निर्देश**

▶▶ मैला उठाने की कुप्रथा के संबंध में वस्तुस्थिति की जानकारी लेकर 2 दिन में रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए



**राजन पुरी**

**ऊनाः** ऊना जिला अस्वच्छ शौचालय और इससे जुड़े हाथ से मैला उठाने की कुप्रथा से मुक्त जिला घोषित होने की दहलीज पर है। इस आशय की आधिकारिक घोषणा से पहले डीसी जतिन लाल ने जिले की सभी ग्राम पंचायतों और शहरी निकायों से फाइनल रिपोर्ट मांगी है। वे हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों के नियोजन का प्रतिषेध एवं उनका पुनर्वास अधिनियम, 2013 के तहत गठित जिला स्तरीय सर्वे समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस अधिनियम के तहत यह कुप्रथा देशभर में प्रतिबंधित है।उपायुक्त ने जिले के सभी खंड विकास अधिकारियों को संबंधित ग्राम पंचायतों से और शहरी निकायों के सचिवों को सभी नगर परिषदों व नगर पंचायतों से उनके क्षेत्र में अस्वच्छ शौचालय और इससे जुड़े हाथ से मैला उठाने की कुप्रथा के संबंध में वस्तुस्थिति की जानकारी लेकर 2 दिन में रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वे ग्राम पंचायतों और शहरी निकायों से मैला ढोने की प्रथा से मुक्त होने का प्रमाणपत्र लें अन्यथा इस संबंध में डेटा प्रस्तुत करें। वहीं, उन्होंने जिला कल्याण अधिकारी को जिला स्तरीय सर्वे समिति के सभी सदस्यों से भी यह प्रमाणपत्र लेने के निर्देश दिए, जिसमें वे स्पष्ट कहें कि हाथ से मैला उठाने की कुप्रथा का कोई मामला उनके संज्ञान में है अथवा नहीं है। बैठक में जिला कल्याण अधिकारी अनीता शर्मा, परियोजना अधिकारी डीआरडीए शैफाली शर्मा, जिला सांख्यिकी अधिकारी हरमिंदर सिंह, सहायक अभियंता जल शक्ति होशियार सिंह, ईओ एमसी मैहतपुर बसदेहड़ा वर्षा चौधरी, कनिष्ठ अभियंता नगर पंचायत अंब प्रमोद सिंह, सचिव नगर पंचायत दौलतपुर हर्ष गुप्ता, टाहलीवाल विजय सिंह व गगरेट सुषमा रानी, सैनेटरी सुपरवाइजर तथा एमसी ऊना विजय कुमार सहित समिति के अन्य सदस्यों ने हिस्सा लिया।

## रंगस में ई कचरा प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन



**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुरः** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रंगस में सूखा कचरा, गीला कचरा व इलेक्ट्रॉनिक कचरा प्रबंधन पर एक दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया।इस कार्यशाला में स्कूल के बच्चों, अध्यापकों, अभिभावकों, पंचायत प्रतिनिधियों व स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों ने भाग लिया। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के रूप में शोध संस्थान नेरी से शिवानी चौहान व आरती गवरू ने सभी उपस्थित सदस्यों को कचरे से होने वाली बीमारियों एकचरा प्रबंधन व ऊर्जा संरक्षण पर जानकारी दी। इस कार्यशाला में मुख्य रूप से ठोस व तरल कचरे को कैसे अलग करें व इलेक्ट्रॉनिक कचरे को कैसे निपटाया जाए, खाने में पोषक तत्व शामिल करने आदि विषयों पर जानकारी उपलब्ध कराई गई। कार्यशाला में जिला विज्ञान पर्यवेक्षक राजेश गौतम ने उपस्थित सदस्यों को स्कूलों में करवाए जा रहे विज्ञान से संबंधित कार्यक्रमों की जानकारी दी।

## खेल छात्रावास के लिए खिलाडियों के हुए ट्रायल



**राजन पुरी**

**ऊनाः** युवा सेवा एवं खेल विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा खेल छात्रावास ऊना में वर्ष 2024-25 के लिए खिलाडियों के ट्रायल का आयोजन किया गया। जिला खेल अधिकारी उत्तम डोड ने बताया कि इस ट्रायल में पूरे हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों से खिलाडियों ने हिस्सा लिया। ट्रायल में रैसलिंग के 80 और वालीबाल के 150 खिलाडि?ों ने प्रतिभा दिखाई। उन्होंने बताया कि इसमें जो भी खिलाड़ी खेल छात्रावास के लिए चयनित होंगे, उन्हें रहने खाने पीने की मूलभूत सुविधाएं हिमाचल प्रदेश सरकार से मुहैया करवाई जाएंगी। इस ट्रायल में खिलाडियों की प्रतिभा के आधार पर ही उन्हें खेल छात्रावास के लिए चयनित किया जाएगा। इस मौका पर अंतर्राष्ट्रीय कुश्ती कोच प्रिंस पठानिया, अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी जगदीश राव, सेवानिवृत्त साई कोच चरणदास, वॉलीबाल कोच डा. रविन्द्रा वांस्टू, तपे राम, विक्रम सिंह, एथलीट कोच राकेश सहित अन्य कर्मी भी मौजूद रहे।

## परशुराम जन्मोत्सव पर 10 को निकाली जाएगी शोभा यात्रा

**राजन पुरी**

**ऊनाः** परशुराम सभा दौलतपुर चौक की ओर से 10 मई को भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव के मौके पर पर शोभा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। परशुराम सभा का कहना है कि 10 मई को दौलतपुर चौक के समीप मवा कहोलां गांव से भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव के मौके पर शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इस मौके पर सुबह 8 बजे हवन, 9 बजे शोभायात्रा का शुभारंभ होगा। यह शोभायात्रा राधा कृष्ण मंदिर मवाकहोलां गांव शुरू होकर दौलतपुर चौक, मरवाड़ी, जोह, डंगोह स्कूल से भद्रकाली, मुबारिकपुर, गगरेट, घनारी, दियोली से वापिस राधा कृष्ण मंदिर मवाकहोलां में विश्राम करेगी।

## हासन के सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ सडकों पर उतरी हरोली महिला कांग्रेस




**राजन पुरी**

**ऊनाः** हरोली महिला कांग्रेस ने कर्नाटक में हासन के सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ सामने आए यौन उत्पीड? और बलात्कार के आरोपों के विरोध में टाहलीवाल बाजार में कैंडल मार्च निकाला गया।हरोली महिला कांग्रेस ने अध्यक्ष सुमन ठाकुर के नेतृत्व में महिला कांग्रेस की सदस्यों ने इस कैंडल मार्च के माध्यम से उन महिलाओं के लिए न्याय की मांग की, जिन्होंने रेवन्ना के खिलाफ अपनी आवाज उठाई है। मार्च में शामिल महिलाओं ने मोमबत्तियां और न्याय की मांग लिखी तख्तियां उठाई गई और उन पर अपना विरोध जताया गया। इस आयोजन का उद्देश्य महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों के खिलाफ जागरूकता बढ़ाना और समर्थन प्रदान करना था। हरोली महिला कांग्रेस की अध्यक्षा सुमन ठाकुर ने कहा कि हमें उन महिलाओं का साथ देना है, जिन्होंने बहादुरी से अपने खिलाफ हुई घटनाओं के बारे में बोला है। उनकी सुरक्षा और निजता की रक्षा के साथ ही उन्हें न्याय भी मिलना चाहिए। इस मौके पर मोनिका राणा, आशा कौशल, अंजना कुमारी, सुनीता शर्मा, कंचन, नीटू, बबीता, स्नेह, काजल, पूनम, ज्योति बाला, तेजपाल कौर, मोनिका कुमारी, सरोज, शरणजीत कौर, बबली देवी, अनु, ज्योति कुमारी व सुषमा देवी मौजूद रही।

## मांगों का मुख्यमंत्री लें संज्ञान, हल नहीं हुआ तो लोकसभा चुनावों का होगा वहिष्कार

**कड़े तेवर**

▶▶ विद्युत पेंशनरज फोरम मंडी की बैठक जो राजेश बहल की अध्यक्षता में हुई में पेंशनरों ने अपने कड़े तेवर दिखाए।



**खेमचंद शास्त्री**

**मंडीः** विद्युत पेंशरजों ने प्रदेश सरकार व बिजली बोर्ड प्रबंधन को चेताया है कि यदि उनकी मांगों का निदान नहीं हुआ तो वह लोकसभा चुनावों को बहिष्कार करेंगे। सोमवार को मंडी में विद्युत पेंशनरज फोरम मंडी की मासिक बैठक जो राजेश बहल की अध्यक्षता में हुई में पेंशनरों ने अपने कड़े तेवर दिखाए। बैठक में लगभग 100 पेंशनरों ने भाग लिया। पेंशनरों को फोरम के वरिष्ठ पदाधिकारियों चंद्र सिंह मंडयाल, जितेंद्र वालिया, डीडी राणा, गजपाल सिंह मंडयाल, श्याम लाल शर्मा, महेंद्र सिंह गुलेरिया, पवन दीक्षित व महेश उपाध्याय आदि ने संबोधित करते हुए विद्युत बोर्ड प्रबंधन की कार्यप्रणाली व सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के सभी पेंशनरों को 4 प्रतिशत डीएए फिक्सेशन का 15,18, 20 व 35 प्रतिशत के हिसाब से एरियर भी दे दिया गया मगर बोर्ड ने अपने पेंशनरों को अभी तक इससे मरहूम रखा है। जो पेंशनरज 2016 से पहले सेवानिवृत्त हैं उनकी नोशनल फिक्सेशन भी नहीं हुई है। उनमें से कई को तो अपने एरियर तक का पता ही नहीं है कि वह कितना बकाया है। कई पेंशनरों के मेडिकल बिल एक साल से लंबित पड़े हुए हैं जिनका समय के अनुसार भुगतान नहीं हो रहा है। दो साल पहले सेवानिवृत हुए पेंशनरों के मामले सेटल नहीं हुए हैं। उन्हें अभी तक ग्रेच्युटी, लीव इनकैशमेंट और न दूसरे ही लाभ अभी तक इन पेंशनरों को मिले हैं। फोरम ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से अनुरोध किया है कि वह बोर्ड पेंशनरों की मांगों व समस्याओं के बारे में खुद संज्ञान लें अन्यथा पेंशनरज धरना प्रदर्शन के साथ साथ लोकसभा चुनावों का भी बहिष्कार करेंगे। इसके लिए केंद्रीय कार्यकारिणी बैठक में जो निर्णय लेगी उसके अनुसार आंदोलन व बहिष्कार का निर्णय लिया जाएगा।

## मिलावट माफिया पर मेहरबानी पड रही जनता को भारी



**लोकेश चौधरी**

**मथुरा**

ब्रज में जिन धार्मिक स्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या हजारों में थी वह अब लाखों में हो गई। भीड़ का दबाव इतना ज्यादा हो गया है कि लगातार प्रयास और प्रयोगों के बाद भी जिम्मेदार भीड नियंत्रण की प्रभावी कार्ययोजना तैयार नहीं कर पा रहे हैं। इसी के साथ दूसरे विभागों की जिम्मेदारी भी बढ गई है। यहां रहने वाले और आने वाले लोगों की सेहत से खिलवाड़ न हो यह सुनिश्चित करना खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की जिम्मेदारी है। यहां वर्ष भर भीडभाड रहती है और खास मौकों पर यह भीड़ कई लाख में पहुंच जाती है। इससे खाद्य आपूर्ति और उपलब्धता पर भी दबाव बढ जाता है। आपूर्ति और खपत के बीच बढे अंतर का लाभ खाद्य माफिया उठा रहे हैं। इस बीच मिलावट खोरी को भी पंख लगे हैं। जिम्मेदार विभाग की ओर से की जाने वाली चुनिंदा कार्यवाही लोगों की सेहत से खिलवाड़ नहीं रोक पा रही हैं। जिस कीमत में एक मिलो शुद्ध दूध नहीं मिल रहा उस कीमत में गोवर्धन, वृंदावन सहित दूसरे स्थानों पर एक किलो मावा मिल जाता है। दुकानदारों पर 50 से 80 रुपये किलो मावा मिल रहा है। फास्ट फूड में उपयोग होने वाली सॉस, मेयोनेज, क्रीम, चीज, आदि खाद्य सामग्री 10 से 15 रुपये पैकेट से लेकर 60 से 80 रुपये किलो मिल रही हैं।

## मैनपुरी की कथित घटना के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

मैनपुरी में हुई महाराणा प्रताप की प्रतिमा के अपमान की कथित घटना के विरोध में मथुरा में सोमवार को भाजपा पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। भाजपा महानगर महामंत्री प्रदीप गोस्वामी ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपने के पश्चात कहा कि राष्ट्रभक्त वीर योद्धा महाराणा प्रताप की मूर्ति जो मैनपुरी के करहल चौराहे पर स्थापित के साथ मयार्दापूर्ण व्यवहार नहीं किया। समाजवादी पार्टी ने चुनावी माहौल को बिगड़ने की कोशिश की है। असामाजिक तत्वों को उत्तेजित एवं आक्रोषित करने का षड्यंत्र जानबूझकर समाजवादी पार्टी द्वारा किया गया है। एक तरह की घटना अत्यंत निंदनीय और अशोभनीय है। भाजपा कार्यकर्ता देश के महापुरुषों का अपमान किसी भी हाल में सहन नहीं करेंगे।

## छावशा के मतदाताओं से की मतदान करने की अपील



**मनीष**

**सोलनः** सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता स्वीप कार्यक्रम के तहत निर्वाचन विभाग की टीम द्वारा आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला छावशा में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप निदेशक उच्चतर शिक्षा सोलन डॉ. जगदीश चंद नेगी ने की।डॉ जगदीश नेगी ने विद्यार्थियों को अपने परिवार व परिचितों के सभी पात्र मतदाताओं से मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन विभाग द्वारा 85 वर्ष की अधिक आयु के मतदाताओं व पात्र दिव्यांग मतदाताओं को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छावशा की प्रधानाचार्या रितु ने निर्वाचन विभाग की पूर्ण टीम का स्वागत किया व इस कार्यक्रम को सफल बनाने का पूर्ण आश्वासन दिया।विद्यार्थियों द्वारा मतदान जागरूकता पर बनाए गए समूह गान व भाषण के माध्यम से मतदान का संदेश दिया।इस अवसर पर स्वीप नोडल अधिकारी हेमेंद्र शर्मा, विद्यालय के स्टाफ सदस्य, अध्यापक-अभिभावक संघ के पदाधिकारी व सदस्यों सहित लगभग 100 विद्यार्थी उपस्थित थे।

## नारा लेखन के माध्यम से जनता को मतदान के लिए किया प्रेरित

**जागरूक**

▶▶ शिक्षक, गैर शिक्षक वर्ग विद्यालय प्रबंधन समिति तथा छात्र-छात्राओं को चुनाव के प्रति जागरूक किया गया।




**मनीष**

सोलनः लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता स्वीप टीम अर्की द्वारा आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला और राजकीय राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई दिग्गल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करवाए गए। स्वीप नोडल अधिकारी प्रो. यशपाल शर्मा, डॉ. हेमराज सूर्य तथा प्रो. योगेश कुमार द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दिग्गल में शिक्षक, गैर शिक्षक वर्ग विद्यालय प्रबंधन समिति तथा छात्र-छात्राओं को लोकसभा चुनाव के प्रति जागरूक किया गया।स्वीप नोडल अधिकारी प्रो यशपाल शर्मा ने बताया कि चुनावी प्रक्रिया को लोगों के लिए सुगम बनाने के दृष्टिगत सूचना प्रौद्योगिकी आधारित विभिन्न ऐप भी जारी किए गए हैं। इनमें दिव्यांग मतदाताओं के लिए सक्षम ऐप, उम्मीदवारों के बारे में जानकारी से सम्बन्धित केण्वाईएसी ऐप, आदर्श आचार संहिता की उल्लंघना सम्बन्धित जानकारी प्रदान करने के लिए सी-विजिल ऐप व उम्मीदवारों के लिए सुविधा ऐप उपलब्ध हैं।इस अवसर पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई दिग्गल में प्रशिक्षुओं को शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई गई।आईटीआई दिग्गल के प्रशिक्षुओं ने इस अवसर पर नारा लेखन द्वारा आम जनता को मतदान के लिए प्रेरित करने का संदेश दिया।

इस अवसर पर एसएमसी प्रधान मनीष शर्मा व एसएमसी के अन्य सदस्य, बीएलओ कविता देवी, ईएलसी इंचार्ज आईटीआई दिग्गल हिमेश ठाकुर तथा समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

## माऊंट कार्मल स्कूल रक्कड़ कॉलोनी का रिजल्ट रहा शत प्रतिशत





**राजन पुरी**

**ऊनाः** आईएससी बोर्ड द्वारा घोषित हुए 12वीं का परीक्षा परिणाम में माऊंट कार्मल स्कूल रक्कड़ कॉलोनी ऊना का रिजल्ट रहा शत-प्रतिशत रहा है। शाश्विता रात्रा ने 97.25 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, समीर जसवाल ने 96.25 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय और विदुषी अग्निहोत्री ने 95 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस साल कुल 41 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। इनमें 12 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक, 13 छात्रों ने 80 से 90 प्रतिशत के बीच, 70 से 80 प्रतिशत के बीच 11 छात्र हैं और शेष प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों की इस सराहनीय उपलब्धि को देखकर निर्देशक फादर सेबेस्टियन, स्कूल प्रधानाचार्य फादर अब्राहम, उप प्रधानाचार्या सिस्टर एलसी ने अध्यापकों और अभिभावकों को बधाई दी।

# भारत एआई विकास, अपनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** माइक्रोसॉफ्ट के अध्यक्ष भारत और दक्षिण एशिया के सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक के प्रमुख के रूप में पुनीत चंडोक को उम्मीद है कि भारत एआई नवाचार में सबसे आगे रहेगा, जिसमें 500 से अधिक उद्यम माइक्रोसॉफ्ट के एज़्योर ओपनएआई प्लेटफॉर्म के ग्राहक होंगे। एआई अभी प्रारंभिक चरण में है, इसलिए एआई के अधिक परिष्कृत और कुशल उपयोग के मामले समय के साथ परिपक्व होंगे। लेकिन, भारत दुनिया भर में एआई के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, और भारतीय एआई प्लेटफार्मों का विकास इस बाजार के विकास के लिए महत्वपूर्ण होगा, चंडोक ने कहा। कंपनी के स्थानीय परिचालन ने पहले ही इसे इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) के एआई डेटासेट प्लेटफॉर्म, भाषिनी के साथ काम करते देखा है - जहां यह 20 इंडिक भाषाओं में जेनरेटर एआई प्रश्नों और परिणामों को संचालित करने में सक्षम है। ग्राहकों के बीच, माइक्रोसॉफ्ट एयर इंडिया, इंडिगो, ज़ोमैटो, लार्सन एंड टुब्रो, आदित्य बिड़ला कैपिटल और अन्य कंपनियों के साथ काम कर रहा है, जिन्होंने एआई असिस्टेंट बनाए हैं जो पहले से ही चालू हैं - चंडोक को लगता है कि यह प्रवृत्ति केवल बढ़ेगी। कार्यकारी ने कहा, ÷हमने पिछले छह महीनों में भारत में माइक्रोसॉफ्ट कोपायलट के लिए 10 गुना वृद्धि देखी है।

# सोनीपत की मंडियों में 3,96,299 टन गेहूं की खरीद

**सोनीपत।** हरियाणा में सोनीपत की विभिन्न मंडियों और खरीद केंद्रों में रात तक 3,96,299 टन गेहूं की आवक हो चुकी है। उपायुक्त मनोज कुमार ने रविवार बताया कि जिला के गेहूं को विभिन्न एजेंसियों द्वारा खरीद लिया गया है। उन्होंने बताया कि 396299 टन गेहूं में से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने 99340 टन, हैफेड ने 187414 टन, एचडब्ल्यूसी ने 90422 तथा एफसीआई ने 19123 टन गेहूं की खरीद की है।उन्होंने बताया कि बरोदा खरीद केंद्र पर 5100 टन, भैंसवाल 3825 टन, बिचपड़ी 1383 टन, दतौली 5394 टन, फरमाणा 12001 टन, गन्नौर 29860 टन, गोहाना अनाज मंडी में 144136 टन, कासंडी 14700 टन, कथूरा 9090 टन, खानपुर 8953 टन, खरखौदा 42688 टन, मुण्डलाना 9860 टन, मुरथल 10362 टन, नाहरा 8727 टन, पुगथला 18460 टन, पुरखास 8439 टन, रूखी 17430 टन, सनपेड़ा 9732 टन, सोनीपत साईलो पर 7122 टन तथा सोनीपत अनाज मण्डी में 29037 टन गेहूं की आवक हुई है। उपायुक्त ने बताया कि 396299 टन गेहूं को 23698 किसान लेकर आए हैं और गेहूं की खरीद 2275 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की गई है।

# सोना-चांदी में जोरदार गिरावट, सोना 2050 रुपये, चांदी 1000 रुपये सस्ती

**इंदौर।** सप्ताहांत सोना तथा चांदी में जोरदार गिरावट दर्ज की गई। सप्ताहांत सोना 2050 रुपये तथा चांदी 1000 रुपये सस्ती बिकी। कारोबार की शुरुआत में सोना 72350 रुपये पर खुलने के बाद दिन 70300 रुपये प्रति दस ग्राम होकर थमा। चांदी में व्यापार की शुरुआत 80350 रुपये पर हुई वहीं दिन 79350 रुपये बिकी। कामकाज में सोना ऊंचे में 72350 नीचे में 70150 रुपये प्रति 10 ग्राम बिका। व्यापार में चांदी ऊपर में 80350 तथा नीचे 79000 रुपये प्रति किलोग्राम बिकी। चांदी सिक्का पूछपरख से मजबूत बताया गया। विदेशी बाजार में सोना 2302 डॉलर तथा चांदी 2656 सेन्ट प्रति औंस बिकी।

# विदेशी मुद्रा भंडार 2.4 अरब डॉलर घटकर 637.9 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और स्वर्ण भंडार में भारी गिरावट आने से 26 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.4 अरब डॉलर घटकर लगातार तीसरे सप्ताह गिरता हुआ 637.9 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 2.83 अरब डॉलर कम होकर 640.3 अरब डॉलर पर रहा था।

# खाद्य तेल और दालों में मिलाजुला रुख

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों की गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर मांग रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के साथ ही दाल-दलहन में मिलाजुला रुख रहा जबकि अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।



तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा सप्ताहांत पर 76 रिंगिट गिरकर 3880 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 2.3 सेंट की गिरावट लेकर 43.16 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

# आरईसी को गुजरात के गिफ्ट सिटी में सहायक कंपनी स्थापित करने के लिए आरबीआई की मंजूरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की आरईसी लिमिटेड को गुजरात के गिफ्ट सिटी में एक सहायक कंपनी स्थापित करने के लिए रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की मंजूरी मिल गई है।

विद्युत मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि ग्रामीण विद्युकरण निगम (आरईसी) लिमिटेड को गुजरात के गिफ्ट सिटी में एक सहायक कंपनी स्थापित करने की मंजूरी आरबीआई से मंजूरी मिल गई है। मंत्रालय ने कहा कि प्रस्तावित अनुषंगी कंपनी एक वित्त कंपनी के तौर पर कर्ज देने और निवेश समेत कई वित्तीय गतिविधियों में संलग्न होगी। मंत्रालय ने बताया कि विद्युत मंत्रालय के अधीन और अग्रणी गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) आरईसी लिमिटेड को गांधीनगर में गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी (गिफ्ट सिटी) में सहायक कंपनी स्थापित करने के लिए आरबीआई से 'अनापत्ति प्रमाणपत्र' (एनओसी) मिल गया है। कंपनी ने कहा कि भारत में वित्तीय सेवाओं के लिए उभरते केंद्र गिफ्ट सिटी में परिचालन का विस्तार करने का निर्णय तब लिया गया, जब आरईसी अपने पोर्टफोलियो में विविधता ला रही है और वृद्धि के नए रास्ते खोल रही है। आरईसी लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) विवेक कुमार देवांगन ने कहा कि गिफ्ट सिटी मंच विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे के साथ अंतरराष्ट्रीय ऋण गतिविधियों के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करता है। हमें विश्वास है कि आरईसी वैश्विक बाजार में अपने लिए जगह बनाने के लिए इन लाभों का उपयोग करेगी।



# वैश्विक रुख तय करेंगे बाजार की चाल

एजेंसी

**मुंबई।** विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर सप्ताह के अंतिम दिन भारी मुनाफावसूली के दबाव में आया घरेलू शेयर बाजार बीते सप्ताह मामूली बढ़त पर रहा और अगले सप्ताह उसकी दिशा दुनिया के अन्य केंद्रीय बैंकों के ब्याज दर को लेकर आने वाले निर्णय, यूरो क्षेत्र के जीडीपी आंकड़े और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के रुख से तय होगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 147.99 अंक अर्थात 0.20 प्रतिशत बढ़कर सप्ताहांत पर 73878.15 अंक हो गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 55.9 अंक यानी 0.25 प्रतिशत की मामूली बढ़त लेकर 22475.85 अंक पर रहा।

समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की मझौली कंपनियों ने ऊंची छलांग लगाई वहीं छोटी कंपनियों के शेयर गिर गए। मिडकैप 826.76 अंक अर्थात लगभग दो प्रतिशत उछलकर 42414.53 अंक पर पहुंच गया वहीं स्मॉलकैप 47.88 अंक यानी 0.1 प्रतिशत फिसलकर 47191.41 अंक रह गया।

विश्लेषकों के अनुसार, कंपनियों के वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के परिणम उम्मीद से थोड़ी बेहतर रहने और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के कारण सप्ताह के दौरान घरेलू बाजार की सकारात्मक शुरुआत हुई। हालांकि, महंगाई की ऊंची दर को लेकर अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों को लगातार छठी बार यथावत रखने के फैसले के बाद वैश्विक बाजार में मिश्रित रुझान के कारण घरेलू बाजार में व्यापक सुधार हुआ।

# रिजर्व बैंक ने मार्च में खरीदा पांच टन सोना, दुनियाभर के केंद्रीय बैंक बढ़ा रहे स्वर्ण भंडार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** मार्च में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने करीब 5 टन सोना खरीदा। भारत ही नहीं दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों ने सोने की खरीद बढ़ाई है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के मुताबिक मार्च में तुर्किये के केंद्रीय बैंक ने सबसे ज्यादा 14 सोना खरीदा है। इसके अलावा चीन के केंद्रीय बैंक ने भी 5 टन सोना खरीदा है। अन्य बड़े खरीदारों में कजाकिस्तान और सिंगापुर हैं, जिन्होंने 4-4 टन सोना खरीदी है। इसके अलावा रूस ने भी मार्च में 3 टन सोना खरीदा है। युद्ध व वैश्विक अर्थव्यवस्था में अनिश्चितता की वजह से केंद्रीय बैंकों का भरोसा सोने में बढ़ रहा है। खासतौर पर बाजार की अस्थिर और मुद्रास्फीति के दबाव को सहने के लिए स्वर्ण भंडार अहम होता है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की गोल्ड डिमांड ट्रेंड्स रिपोर्ट के मुताबिक 2024 की पहली तिमाही में दुनियाभर में सोने की मांग सालाना आधार पर 3 फीसदी तक बढ़ी है।




**शीर्ष पर आरबीआई का स्वर्ण भंडार**

आरबीआई का स्वर्ण भंडार 800 टन से ऊपर अब तक के शीर्ष स्तर पर है। इस साल आरबीआई ने कुल 18.5 टन सोना खरीदा है। अप्रैल की शुरुआत में रिजर्व बैंक के पास करीब 822.1 टन स्वर्ण भंडार था।

# पेटीएम के सीओओ भावेश गुप्ता का इस्तीफा, कंपनी ने वरिष्ठ प्रबंधन में किया फेरबदल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन भुगतान प्लेटफॉर्म पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस के अध्यक्ष और मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) भावेश गुप्ता ने कंपनी से इस्तीफा दे दिया है। वहीं, फिनटेक फर्म पेटीएम ने अपने वरिष्ठ प्रबंधन में फेरबदल के तहत राकेश सिंह को पेटीएम मनी का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। कंपनी ने जारी एक बयान में बताया कि अब तक पेटीएम मनी का नेतृत्व कर रहे वरुण श्रीधर को पेटीएम सर्विसेज का सीईओ बनाया गया है। वहीं, कंपनी ने कहा कि पेटीएम मनी के हमारे नए सीईओ राकेश सिंह का स्वागत है। कंपनी ने कहा कि हम अपने भुगतान और वित्तीय सेवाओं की पेशकश को दोगुना करने के साथ नेतृत्व में बदलाव की घोषणा करते हुए




उत्साहित हैं।

पेटीएम ने कहा कि उत्तराधिकार नियोजन को मजबूत करते हुए भावेश गुप्ता सलाहकार की भूमिका में आ गए हैं, जबकि वरुण श्रीधर पेटीएम सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ बन गए हैं। कंपनी ने बताया कि भुगतान और उधार कारोबार की देखरेख करने वाले अध्यक्ष और मुख्य परिचालन अधिकारी भावेश गुप्ता ने व्यक्तिगत कारणों से कामकाजी जीवन से अवकाश लेने का फैसला किया है। वह साल के अंत तक पेटीएम की विकास पहलों के लिए मार्गदर्शन देते हुए सलाहकार की भूमिका में आ जाएंगे। उल्लेखनीय है कि डिजिटल प्लेटफॉर्म पेटीएम सर्विसेज म्यूचुअल फंड और अन्य धन प्रबंधन उत्पादों के वितरण कारोबार में शामिल है। पेटीएम उत्तर प्रदेश के नोएडा में स्थित एक फ़िनटेक कंपनी है। इसकी स्थापना साल 2017 में विजय शेखर शर्मा ने की थी। पेटीएम भारत का पहला स्टार्टअप था, जिसे करीब पां साल पहले भुगतान बैंक का लाइसेंस मिला था। पेटीएम एक पेमेंट गेटवे के साथ-साथ बैंकिंग प्लेटफ़ॉर्म भी है।

# दो साल में 10 लाख करोड़ बढ़कर 27 लाख करोड़ हुआ हाउसिंग लोन, आवासीय संपत्ति की मांग मजबूत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** मकानों की बढ़तीं कीमतें और ब्याज दरों में तेजी के बावजूद कर्ज लेने की रफ्तार अच्छी खासी बढ़ रही है। पिछले दो साल में हाउसिंग लोन करीब 10 लाख करोड़ बढ़कर इस साल मार्च में रिकॉर्ड 27.23 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। विश्लेषकों का मानना है कि कोरोना के बाद आवासीय संपत्तियों में मजबूत सुधार से हाउसिंग लोन में जबरदस्त तेजी देखी गई है। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, मार्च, 2022 में कुल हाउसिंग लोन 17.26 लाख करोड़ था जो मार्च, 2023 में 19.88 लाख करोड़ रुपये हो गया। आंकड़ों के मुताबिक, वाणिज्यिक रियल एस्टेट में कुल उधारी 4.48 लाख करोड़ रुपये रही है जो मार्च, 2022 में 2.97 लाख करोड़ रुपये थी। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस कहते हैं कि सरकारी प्रयासों से सस्ते मकानों की मांग में तेजी आई है। साथ ही कोरोना में घर की बिक्री अच्छी खासी घटी थी और अब यह उससे ज्यादा रफ्तार से बढ़ रही है। हालांकि आने वाले समय में होम लोन की वृद्धि दर 15-20 फीसदी




के बीच रह सकती है।

**सस्ते मकानों की मांग में भी आई तेजी**

मकानों के महंगे होने से औसत होम लोन का आकार भी बढ़ा विश्लेषकों के अनुसार, प्रमुख टियर-1 शहरों में वित्त वर्ष 2021 के बाद से 50-100 प्रतिशत के बीच कीमतें बढ़ी हैं। इससे औसत होम लोन का आकार भी बढ़ गया है। आवासीय संपत्ति की मांग मजबूत रहने के कारण होम लोन में तेजी बनी रहेगी। उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि रियल एस्टेट क्षेत्र 2030 तक एक लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगा। इक्रा के अनुसार, जुलाई 2023 से एचडीएफसी लि. का एचडीएफसी बैंक में विलय होने से बैंकों के होम लोन में तेजी आई है।

# 'हर्षद मेहता युग की वापसी हो रही', उद्योगपति हर्ष गोयनका ने छोटे निवेशकों को दी चेतावनी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आरपीजी ग्रुप के चेयरमैन और मशहूर उद्योगपति हर्ष गोयनका ने शेयर बाजार में गड़बड़ी की आशंका जताई है। उन्होंने चेतावनी दी कि इस गड़बड़ी की वजह से छोटे निवेशकों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। हर्ष गोयनका ने चेताया कि शेयर बाजार में जो तेजी देखी जा रही है, वो हर्षद मेहता और केतन पारेख के दौर में जो धांधलियां हुई, उनकी वापसी की वजह से हो सकती है।

**हर्ष गोयनका ने ट्वीट कर दी चेतावनी**

हर्ष गोयनका ने ये भी दावा किया कि कोलकाता से गड़बड़ी की जा रही है और इसमें गुजराती और मारवाड़ी दलालों का गठजोड़ काम कर रहा है। हर्ष गोयनका ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि %तेजी से बढ़ते शेयर बाजार के साथ हर्षद मेहता/केतन पारेख युग की वापसी हो रही है और खासकर कोलकाता से ये सब हो रहा है। प्रमोटर्स (प्रॉफिट एंट्री के जरिए) मुनाफा बढ़ा रहे हैं और गुजराती-मारवाड़ी दलालों का गठजोड़ स्टॉक की कीमतों को अवास्तविक स्तर पर ले जा रहा है। इससे छोटे निवेशकों को भारी नुकसान हो सकता है। वक्त



आ गया है, जब सेबी और वित्त मंत्रालय इसमें दखल दे और छोटे निवेशकों को नुकसान होने से पहले इसकी जांच करें। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हर्ष गोयनका के ट्वीट के बाद शनिवार को शेयर बाजार में गिरावट भी देखी गई और शेयर बाजार 74 हजार के अंक से नीचे पहुंच गया। वहीं एनएसई निफ्टी में भी 200 से ज्यादा अंकों की गिरावट देखी गई। हालांकि कई ट्रेडर्स का कहना है कि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में ऐसा दावा किया गया कि लोकसभा चुनाव के बाद नई सरकार आयकर व्यवस्था में बदलाव कर सकती है, इसकी वजह से मार्केट में गिरावट आई। हालांकि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इन दावों को सिरे से खारिज कर दिया और कहा कि ये सिर्फ अफवाह है।

# दुनिया के दिग्गज निवेशक बफे ने भारत में दिखाई दिलचस्पी, कहा- वहां अवसरों की भरमार

एजेंसी

**वॉशिंगटन।** दुनिया के दिग्गज निवेशक वॉरेन बफे आजकल काफी चर्चा में हैं। उनकी कंपनी ने इस तिमाही में जबरदस्त कमाई की है। करीब 92,719 करोड़ रुपये का लाभ हुआ है। इस बीच, बर्कशायर हैथवे के चेयरमैन और सीईओ वॉरेन भारत को लेकर काफी उत्साहित दिखे। उन्होंने रविवार को कंपनी के शेयरधारकों के साथ सालाना बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत में काफी अवसर हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या उनकी कंपनी बर्कशायर भारत में अवसरों की तलाश कर रही है। इस पर बफे ने कहा कि भारत में ऐसे अवसर और क्षेत्र हैं, जिन पर ध्यान नहीं दिया गया है।

**भारत के बारे में कही यह बात**

वॉरेन बफे ने भारत में निवेश को लेकर भी अपनी बात रखी। उनसे पूछा गया कि क्या उनकी भविष्य में भारत में भी निवेश करने की संभावना है? इसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि भारत जैसे देश में अवसरों की भरमार है। सवाल यह है कि क्या हमें उन कारोबारों या संपर्कों के बारे में जानकारी मिलने से कोई फायदा है जिससे कुछ ऐसे लेनदेन संभव हो सकें जिनमें भारत के प्रतिभागी विशेष रूप से हमारी भागीदारी चाहते हों।

उन्होंने कहा, 'मैं कहूंगा कि यह कुछ ऐसा है जिससे कंपनी को और अधिक ऊर्जावान बनाएगा। अब हमें दुनियाभर में जाना जाता है।हमारा जापान के साथ भी अनुभव काफी आकर्षक रहा है। इसी तरह भारत में कुछ ऐसे क्षेत्र और अवसर हो सकते हैं, जिनके बारे में जानकारी न हो।'

**जापान में निवेश को लेकर संतुष्ट**



बफे से जब पूछा गया कि उन्होंने जापान की कंपनियों में जो निवेश किया है, वे उसे अब कैसे देखते हैं? इस बारे में बफे ने कहा कि वह जापान में निवेश को लेकर संतुष्ट हैं। बफे ने पिछले साल जापान की चार कंपनियों में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई थी। इनमें मारुबेनी, मित्सुई, मित्सुबिशी और सुमितोमो प्रमुख हैं। बफे चीन की कंपनियों में भी निवेश कर चुके हैं। साल 2008 में उन्होंने चीन की ऑटोमोबाइल कंपनी बीवाईडी में निवेश किया था। बफे ने अब इस कंपनी में अपनी हिस्सेदारी कम कर दी है।

**अवसरों को पता लगाने में ज्यादा समय नहीं लगेगा**

भारत में प्रवेश करने का संकेत देते हुए उन्होंने कहा कि वहां मौजूद अवसरों को पता लगाने में ज्यादा समय नहीं लगेगा। उन्होंने कहा कि बर्कशायर का नया प्रबंधन भारत में निवेश पर फैसला करेगा। उन्होंने कहा की देखना होगा कि आने वाले समय में कंपनी कैसा काम करती है। अच्छी बात यह है कि अब इंतजार करने के लिए ज्यादा समय नहीं है।

**जीडीपी में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि**

चालू वित्त वर्ष 2023-24 की अक्तूबर-दिसंबर तिमाही के दौरान भारत की जीडीपी में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के नवीनतम विश्व आर्थिक आउटलुक के अनुसार, भारत 2024 में प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाला देश बना रहेगा। आईएमएफ ने 2024 के लिए भारत के विकास अनुमानों को 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया।

# आईआईएचएल का लक्ष्य 2030 तक 50 अरब डॉलर के मूल्यांकन पर है

एजेंसी

**मॉरीशस।** स्थित इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स कर्ज में डूबी रिलायंस कैपिटल और इनवेस्को म्यूचुअल फंड के अधिग्रहण के साथ 2030 तक 50 बिलियन डॉलर के मूल्यांकन का लक्ष्य बना रही है, भले ही इंडसइंड बैंक और दुनिया भर की अन्य कंपनियों में इसका निवेश बढ़ रहा है, IIHL के अध्यक्ष अशोक हिंदुजा ने कहा.

शुक्रवार को मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि आईआईएचएल इंडसइंड बैंक में अपनी हिस्सेदारी 15 फीसदी से बढ़ाकर 26 फीसदी करने की प्रक्रिया में है और विभिन्न यूरोपीय देशों में छोटे आकार के बैंकों का अधिग्रहण करना चाहता है। हमें भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से पत्र मिला है, जिसमें स्पष्ट रूप से (हमें) प्रक्रिया (इंडसइंड बैंक में हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए) दिशानिर्देशों के अनुसार पालन करने के लिए कहा गया है। विभिन्न प्रपत्र भरे जा चुके हैं। वही इंडसइंड बैंक को गया है. बैंक ने अपने बोर्ड के जरिए इसे मंजूरी भी दे दी है. अब ये रेगुलेटर के पास चला गया है. मैं उम्मीद कर रहा हूं कि



शायद एक या दो हफ्ते में हमें उनकी प्रतिक्रिया मिल जाएगी, हिंदुजा ने कहा। एक बार जब हमें यह मिल जाएगा, हम बैंक या बाजार के माध्यम से पूंजी जुट ने की प्रक्रिया शुरू करेंगे या हम एक संयोजन बनाएंगे, उन्होंने कहा।आईआईएचएल, जिसकी इस साल मार्च तक कुल संपत्ति 2.04 बिलियन डॉलर थी, इंडसइंड बैंक में किश्तों में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाएगी, जिसका बाजार मूल्यांकन शुक्रवार तक 1.15 ट्रिलियन रुपये था, जिसका शेयर मूल्य 1,482 रुपये प्रति शेयर पर बंद हुआ था। हिंदुजा ने कहा, तिम मंजूरी मिलने के 24 घंटे के भीतर आईआईएचएल बैंक में निवेश करेगा। उन्होंने कहा कि स्विट्जरलैंड, लिकटेंस्टीन, जर्मनी और लक्जमबर्ग में छोटे बैंकों के अधिग्रहण के लिए फिलहाल उचित परिश्रम चल रहा है।

# तीन कंपनियां इस सप्ताह 6,400 करोड़ के साथ प्राथमिक बाजार को आगे बढ़ाने के लिए तैयार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्राथमिक बाजार इस सप्ताह महत्वपूर्ण गतिविधि के लिए तैयार हो रहा है, जिसमें तीन कंपनियां - ब्लैकस्टोन समर्थित आधार हाउसिंग फाइनेंस, हेल्थकेयर टेक फर्म इंडेजीन और ट्रैवल डिस्ट्रीब्यूशन फर्म टीबीओ टेक - आईपीओ लाने के लिए तैयार हैं, जिसका लक्ष्य सामूहिक रूप से लगभग 6,400 करोड़ रुपये जुटाना है।इससे पहले, जेएनके इंडिया ने पिछले महीने अपनी शुरुआती शेयर-बिक्री से 650 करोड़ रुपये जुटाए थे।2004 के बाद से, पिछले चार आम चुनाव चक्रों में मई के दौरान एक भी आईपीओ लॉन्च नहीं हुआ है। पैंटोमैथ कैपिटल एडवाइजर्स के प्रबंध निदेशक महावीर लुनावत ने कहा, आम तौर पर इन वर्षों के दौरान अप्रैल से जून की अवधि चुनावी अनिश्चितता के कारण प्राथमिक बाजारों के लिए धीमी रही है।हालाँकि, यह प्रवृत्ति अब अगले सप्ताह तीन मेनबोर्ड आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के लॉन्च के साथ बदल गई है।आनंद राठी एडवाइजर्स के सीईओ समीर बहल ने पीटीआई को बताया कि नया रुझान एक सकारात्मक संकेत है जो भारतीय पूंजी बाजारों के परिपक्व होने और राजनीतिक विकास के बावजूद भारत की दीर्घकालिक विकास कहानी में विश्वास का संकेत देता है।Indegene का तीन दिवसीय IPO सब्सक्रिप्शन के लिए 6 मई को खुलेगा, जबकि आधार हाउसिंग फाइनेंस और TBO Tek ·का IPO 8 मई को लॉन्च किया जाएगा।

6,393 करोड़ रुपये के कुल आईपीओ आकार में से, ओएफएस (ऑफर-फॉर-सेल) घटक का हिस्सा 4,233 करोड़ रुपये का महत्वपूर्ण हिस्सा था।सेंट्रम कैपिटल




में निवेश बैंकिंग पार्टनर प्रांजल श्रीवास्तव ने कहा कि समग्र सकारात्मक आर्थिक भावनाओं, द्वितीयक बाजारों में तेजी और मजबूत प्रवाह के कारण प्राथमिक बाजार की गति जारी है।आधार हाउसिंग फाइनेंस का 3,000 करोड़ रुपये का आईपीओ 1,000 करोड़ रुपये के इक्विटी शेयरों के ताजा अंक और ब्लैकस्टोन ग्रुप इंक के सहयोगी प्रमोटर बीसीपी टॉपको ड्ढद्ब पीटीई लिमिटेड द्वारा 2,000 करोड़ रुपये के ओएफएस का एक संयोजन है।वर्तमान में, बीसीपी टोपको के पास आधार हाउसिंग फाइनेंस में 98.72 प्रतिशत हिस्सेदारी है और आईसीआईसीआई बैंक के पास 1.18 प्रतिशत हिस्सेदारी है।कंपनी ने अपने आईपीओ के लिए प्रति शेयर 300 रुपये से 315 रुपये का प्राइस बैंड तय किया है।यह आगे की ऋण देने के लिए भविष्य की पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए ताजा निर्गम आय के 750 करोड़ रुपये का उपयोग करने की योजना बना रहा है और एक हिस्से का उपयोग सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए भी किया जाएगा। इसके अलावा, हेल्थकेयर टेक फर्म इंडेजीन ने अपनी 1,842 करोड़ रुपये की शुरुआती शेयर-बिक्री के लिए मूल्य दायरा 430 रुपये से 452 रुपये प्रति शेयर निर्धारित किया है।आईपीओ में 760 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों का ताजा अंक और शेयरधारकों को बेचकर 1,082 करोड़ रुपये तक के 2.34 करोड़ इक्विटी शेयरों का ओएफएस शामिल है। इससे आईपीओ का कुल आकार 1,842 करोड़ रुपये हो गया है।ओएफएस में मौजूदा निवेशकों सीए डॉन इन्वेस्टमेंट्स, एक कार्लाइल समूह इकाई, ग्रुप लाइफ स्प्रिंग के भागीदार के रूप में विडा ट्रस्टीज़, ब्राइटन पार्क कैपिटल की इकाइयां बीपीसी जेनेसिस फंड आई एसपीवी लिमिटेड और बीपीसी जेनेसिस फंड आईए एसपीवी लिमिटेड द्वारा शेयरों की बिक्री देखी जाएगी। और व्यक्तिगत निवेशक मनीष गुप्ता, राजेश भास्करन नायर और अनीता नायर।वर्तमान में, नादाथुर फ़ारईस्ट पीटीई लिमिटेड 23.64 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ इंडेजीन में सबसे बड़ा शेयरधारक है। सीए डॉन इन्वेस्टमेंट्स की 20.42 प्रतिशत हिस्सेदारी है, और ब्राइटन पार्क कैपिटल की कंपनी में 12 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

# हमास की युद्धविराम की मांग अस्वीकार्य : नेतन्याहू



यांगून।

**तेल अवीव।** इजरायल के प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पुष्टि की कि उनकी सरकार हमास के साथ युद्धविराम और बंधक रिहाई समझौते पर पहुंचने के लिए तैयार है, जिस पर उन्होंने अस्वीकार्य मांग करने का आरोप लगाया है। श्री नेतन्याहू ने एक वीडियो संदेश में कहा, हमास लगातार अत्यधिक मांगें कर रहा है। उनकी मुख्य मांग है कि हम गाजा पट्टी से अपने सभी सैनिकों को वापस ले लें, युद्ध समाप्त करें और हमास को अकेला छोड़ दें। इज़रायल इन शर्तों को स्वीकार नहीं कर सकता है।

श्री नेतन्याहू ने कहा कि हमास के साथ नवीनतम दौर की अप्रत्यक्ष वार्ता के दौरान, इजरायली सरकार ने रियायतें देने की अपनी तत्परता प्रदर्शित की, जिसे अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने उदार बताया।

इसके बावजूद, इजरायली प्रधान मंत्री ने जोर देकर कहा कि उनकी सरकार गाजा में अपने सैन्य लक्ष्यों को कभी नहीं छोड़ेगी। उन्होंने कहा कि गाजा से इजरायल की वापसी का मतलब इजरायल का आत्मसमर्पण होगा और हमास, ईरान के लिए एक बड़ी जीत होगी।

# इराकी सशस्त्र समूहों ने इजरायल के हाइफा बंदरगाह पर मिसाइल हमले का किया दावा

**बगदाद।** इराक में इस्लामिक प्रतिरोध के शिया लड़ाकों ने कहा कि उन्होंने एक क्रूज मिसाइल का उपयोग करके इज़रायल के उत्तर में हाइफ़ा बंदरगाह पर हमला किया है। सशस्त्र समूहों ने टेलीग्राम पर कहा, जैसा कि हम गाजा में कब्जे का विरोध करने और अपने लोगों का समर्थन करने की अपनी नीति जारी रखते हैं... इराक में इस्लामिक प्रतिरोध के लड़ाकों ने कब्जे वाले क्षेत्रों में हाइफा के बंदरगाह को अरकब क्रूज मिसाइल से निशाना बनाया।

# इजरायली सेना के हमले में हमास का वेस्ट बैंक कमांड मारा गया

**तेल अवीव।** हमास ने कहा कि इज़रायल रक्षा बलों (आईडीएफ) के हमले में वेस्ट बैंक में मारे गए चार लोगों में उसका कमांडर भी शामिल था। मारे गए कमांडर की पहचान हमास के अल-कासिम ब्रिगेड के वेस्ट बैंक कमांडर अला श्रेइतेह (45) के रूप में हुयी है। श्रेइतेह को इससे पहले 2002 और 2016 के बीच इज़रायल में जेल में रखा गया था। व्हाइट हाउस की चहारदीवारी के गेट से वाहन टकराया, ड्राइवर की मौत

# व्हाइट हाउस की चहारदीवारी के गेट से वाहन टकराया, ड्राइवर की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका में तेज गति से जा रहा एक वाहन व्हाइट हाउस की चहारदीवारी के गेट से टकरा गया जिससे चालक की मौत हो गई। अमेरिकी खुफिया सेवा के अधिकारी ने यह जानकारी दी। संघीय कानून प्रवर्तन एजेंसी ने एक्स पर जारी एक बयान में कहा,चार मई को रात करीब 10:30 बजे से एक वाहन व्हाइट हाउस कॉम्प्लेक्स के गेट से टकरा गया।बयान में कहा गया,घटना के बाद सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू कर दिया गया। इस घटना से व्हाइट हाउस को कोई खतरा नहीं था। एजेंसी के संचार प्रमुख एंथोनी गुग्लिलमी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि एजेंसी और स्थानीय पुलिस विभाग घटना की जांच कर रहे हैं, इसलिए सीमित यातायात प्रतिबंध प्रभावी रहेगा।



# पाकिस्तान में पुलिस के साथ मुठभेड़ में चार आतंकवादी ढेर



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण पश्चिमी प्रांत बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा में पुलिस के साथ मुठभेड़ में चार आतंकवादी मारे गये। पुलिस के आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने बताया कि मोटरसाइकिलों पर सवार चार आतंकवादियों ने शहर के सिब्बी रोड के पास एक पुलिस गश्ती वाहन पर हमला किया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक आतंकवादी मौके पर ही मारा गया। शेष तीन आतंकवादी एक इमारत में घुस गये।

# ईरान-पाकिस्तान में अफगान नागरिकों के साथ दुर्व्यवहार, प्रवासियों ने की आलोचना

एजेंसी

**काबुल।** अफगान प्रवासियों ने पाकिस्तान और ईरान के अधिकारियों द्वारा दुर्व्यवहार की आलोचना की है। इन देशों से जबरन निर्वासित किए गए अफगान प्रवासियों की दुर्दशा ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ध्यान आकर्षित किया है। ईरान से वापस आए अफगान प्रवासियों ने अपनी दुर्दशा की कहानी सुनाई। उन्होंने बताया कि उन्हें वहां ईरानी सरकारी बलों द्वारा पीटा जाता था। वहीं पाकिस्तान से आए अफगान प्रवासियों ने भी अपनी चुनौतियों के बारे में बताया।

**अफगान प्रवासियों ने सुनाई अपनी कहानी**

ईरान में दो साल रहने के बाद वापस आए अफगान के नागरिक बसिर ने कहा, ÷उन्होंने जब हमारी तलाशी लेनी चाही, तो मैंने इसका विरोध किया। इसके लिए उन्होंने मुझे पीटा। अब मुझे नहीं मालूम कि मेरी पसलियां टूट गई है या मेरे साथ क्या हुआ है। क्योंकि मैं अब दो किलो वजन भी नहीं उठा सकता हूं।

ईरान से लौटे एक अन्य अफगान प्रवासी सलाउद्दीन ने कहा, ÷हम अपने बच्चों का पालन-पोषण करने के लिए मजबूरी में ईरान गए थे, लेकिन उन्होंने हमारे लिए इसे बहुत कठिन बना दिया। पाकिस्तान से वापस आए रेजा साजेश ने कहा, ÷जिनके पास कार्ड थे, उन्हें भी पाकिस्तान के क्वेटा और इस्लामाबाद से निर्वासित कर दिया गया। हम इस प्रक्रिया को लेकर परेशान हैं।



**ईरान-पाकिस्तान में 77 लाख अफगान प्रवासी**

पाकिस्तान के कराची में तालिबान के वाणिज्य दूत ने इन देशों के अधिकारियों से अफगान प्रवासियों को लौटने के लिए अतिरिक्त समय देने का आग्रह किया है। तालिबान के शरणार्थी और प्रत्यावर्तन मंत्रालय के अनुसार, करीब 2,800 अफगान प्रवासी ईरान से वापस आए हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, ईरान और पाकिस्तान में लगभग 77 लाख अफगान नागरिक रहते हैं। एमनेस्टी इंटरनेशनल और कुछ मानवाधिकार संगठनों ने पाकिस्तान और ईरान से अफगान प्रवासियों को निर्वासित करने की प्रक्रिया पर चिंता जताई है।

# पूर्वी कांगो में शरणार्थी शिविरों पर बमबारी में मरने वालों की संख्या 14 हुयी

एजेंसी

**किंशासा।** पूर्वी कांगो पूर्वी कांगो के उत्तरी किवु प्रांत में विस्थापित लोगों के तीन शिविरों पर हुए हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गयी है और 35 अन्य लोग घायल हुए हैं। एक स्थानीय अधिकारी ने बताया कि 23 मार्च मूवमेंट (एम23) के विद्रोहियों ने पूर्वी कांगो (डीआरसी) में आंतरिक रूप से विस्थापित व्यक्तियों (आईडीपी) के तीन स्थलों पर शुक्रवार को ÷लगभग 10÷ बम गिराए। उत्तरी किवु के सैन्य गवर्नर पीटर चिरिम्वामी ने कहा, ÷उत्तरी किवु के पूर्वी प्रांत की राजधानी गोमा के लैक वर्ट, लुशगाला और मुगुंगा इलाकों में आईडीपी साइटों पर हुए हमले में मरने वालों की संख्या अभी भी बढ़ सकती है। कांगो में संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी (यूएनएचसीआर) के प्रतिनिधि एंजेल डिकॉन्गु-अटंगाना ने शुक्रवार देर रात कहा कि बमबारी में 12 लोग मारे गए हैं। कांगो सरकार ने इन हमलों के लिए 23 मार्च मूवमेंट (एम23) के विद्रोहियों को दोषी ठहराया, जो कांगो की सेना के साथ संघर्षरत हैं और उत्तरी किवु में क्षेत्रों पर कब्जा कर चुके हैं। इस हमले के बाद कांगो के र ष्ट्रपति फेलिक्स शीसेकेदी अपना यूरोप दौरा बीच में ही रद्द करके वतन लौट गए। उन्होंने



ने बेल्जियम में कांगो के प्रवासियों से कहा था, मैं गारंटी देता हूं कि हम इस लड़ाई को जीतेंगे, चाहे कुछ भी करना पड़े। डीआरसी में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन (जिसे मोनुस्को के नाम से जाना जाता है) ने सभी पक्षों से नागरिकों के लिए जोखिम कम करने और मानवीय पहुंच बनाए रखने के लिए उचित उपाय करने का आह्वान किया।

गौरतलब है कि तीन चरण की प्रस्थान योजना के तहत संरा के ठिकानों और उपकरणों को डीआरसी सुरक्षा बलों को सौंपकर मोनुस्को के 2024 के अंत से पहले कांगो छोड़ने की उम्मीद है। मोनुस्कोके प्रमुख बिंटौ कीटा ने रात जारी एक बयान में कहा, मैं संयुक्त राष्ट्र महासचिव के पूर्वी डीआरसी में सभी सशस्त्र समूहों से सभी शत्रुताएं तुरंत बंद करने, बिना शर्त अपने हथियार डालने और निरस्त्रीकरण, विमुद्रीकरण, सामुदायिक पुनर्वास और स्थिरीकरण कार्यक्रम में शामिल होने के आह्वान को दोहराता हूं।

# संघर्ष विराम वार्ता के बीच हमास ने इस्राइल पर फिर दागीं मिसाइलें; मदद पहुंचाने के लिए खुली क्रॉसिंग बंद

एजेंसी

**यरुशलम।** हमास और इस्राइल बीते सात महीने से जंग लड़ रहे हैं। इस्राइल द्वारा हमास को खत्म करने का संकल्प गाजा पट्टी के लोगों पर भारी पड़ रहा है। अब तक 30 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। जहां सभी देश संघर्ष विराम की उम्मीद लगाए हुए थे। वहीं, एक बार फिर तनाव बढ़ गया है। हमास ने रविवार को गाजा पट्टी में सहायता पहुंचाने के लिए इस्राइल के मुख्य क्रॉसिंग पॉइंट पर बड़ा हमला कर दिया।

**गाजा के लोगों की और बढ़ेगी परेशानी**

इस्राइली सेना ने सोमवार को मानवीय सहायता ट्रकों के लिए केरेम शालोम क्रॉसिंग को बंद करने का फैसला लिया। इससे गाजा के लोगों की परेशानी बढ़ने वाली है। वहीं, हमास की सैन्य शाखा कसम ब्रिगेड ने दावा किया कि हमले में सीमा के पास इस्राइली बलों के एक समूह को निशाना बनाया गया।

**कई सारे दागे गए रॉकेट**



एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार हमले में इस्राइली सेना के कमांड मुख्यालय को निशाना बनाया, जिससे कई सैनिक मारे गए और घायल हो गए। इस्राइली सेना का कहना है कि केरेम शालोम क्रॉसिंग पर 10 रॉकेट दागे गए। हमास ने इसकी जिम्मेदारी ली है। टीवी चैनल की मानें तो सेना ने हमले के बाद तुरंत क्रॉसिंग को बंद करने का निर्णय लिया। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब गाजा भोजन, दवा और अन्य मानवीय वस्तुओं की कमी के साथ मानवीय संकट का सामना कर रहा है। इस हमले से मिस्र में चल रही संघर्ष विराम वार्ता के जटिल होने की धमकी दी गई है। वहीं, राष्ट्रपति इसाक हर्जोग ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दुनियाभर के देशों को बंधकों को रिहा करने और गाजा के लोगों को हमास के शातिर शासन से मुक्त कराने के लिए कदम उठाना चाहिए।हमास ने सात अक्तूबर को इस्राइली शहरों पर पांच हजार से ज्यादा रॉकेट दागकर हमले की शुरुआत की थी। इसके बाद हमास के आतंकियों ने इस्राइल में घुसकर लोगों को मौत के घाट उतारा। इसके जवाब में इस्राइल ने हमास आतंकियों के खिलाफ गाजा में ऑपरेशन शुरू किया था। इस ऑपरेशन में गाजा स्थित हमास के ठिकानों पर जबरदस्त बमबारी की गई है, जिससे अधिकतर गाजा खंडहर में तब्दील हो गया है।

# ऑस्ट्रेलिया:पुलिस ने चाकूबाजी करने पर किशोर को मारी गोली

**सिडनी।** पश्चिमी ऑस्ट्रेलियाई (डब्ल्यूए) पुलिस बल ने घोषणा की कि पर्थ में रसोई के चाकू से दूसरे व्यक्ति पर हमला करने वाले 16 वर्षीय लड़के को पुलिस ने गोली मार दी। पुलिस आयुक्त कर्नल ब्लैंच ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पुलिस को स्थानीय समयानुसार रात करीब 10~10 बजे सूचना मिली था कि एक व्यक्ति हिंसक कार्य करने जा रहा है, लेकिन कॉल करने वाले व्यक्ति ने अपना नाम या स्थान नहीं बताया।

# स्थानीय चुनावों में सत्तारूढ़ दल का बुरा प्रदर्शन, प्रधानमंत्री ऋषि सुनक बोले- हम कड़ी मेहनत करेंगे

**लंदन।** ब्रिटेन के स्थानीय चुनाव में इस साल सत्तारूढ़ दल का प्रदर्शन सबसे खराब रहा। नतीजों के बाद प्रधानमंत्री ऋषि सुनक का बयान सामने आया है। उन्होंने वादा करते हुए कहा कि वे हमेशा की तरह और कड़ी मेहनत करेंगे। चुनाव में कंजर्वेटिव पार्टी के नेताओं को बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा। यहां तक कि पार्टी के हाथ से वेस्ट मिडलैंड्स क्षेत्र का मेयर पद भी निकल गया, जिसे कंजर्वेटिव पार्टी का गढ़ कहा जाता था। इन चुनाव नतीजों को 40 साल में कंजर्वेटिव पार्टी का सबसे बुरा प्रदर्शन बताया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, मिडलैंड्स के लोकप्रिय मेयर एंडी स्ट्रीट पुनर्मतगणना में लेबर नेता रिचर्ड पार्कर से मात्र 1508 वोटों से हार गए। हालांकि, पार्टी को बेन हाउचेन के टीज वैली से मेयर पद जीतने से थोड़ी राहत जरूर मिली है। वेस्ट मिडलैंड्स के परिणामों पर सुनक ने कहा कि क्षेत्र में सर्वोत्तम सेवाएं और निवेश आकर्षित करने के ट्रैक रिकॉर्ड के बाद भी स्ट्रीट का हारना निराशाजनक है। हालांकि, परिणामों के कारण क्षेत्र में प्रगति प्रभावित नहीं होगी बल्कि परिणामों से प्रगति का मेरा संकल्प दोगुना जरूर हो गया है।

# दक्षिण कोरिया के जेजू द्वीप पर खराब मौसम के कारण 40 उड़ानें रद्द

एजेंसी

**जेजू।** दक्षिण कोरिया के दक्षिणी रिजॉर्ट द्वीप जेजू पर प्रतिकूल मौसम की स्थिति के कारण कम से कम 40 उड़ानें रद्द कर दी गयी हैं।

अधिकारियों ने यह जानकारी दी। 'समाचार एजेंसी ने जेजू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के अधिकारियों के हवाले से बताया कि दोपहर तक 20 आगमन और 20 प्रस्थान उड़ानें रद्द कर दी गयी थीं। द्वीप पर तेज हवा चलने की चेतावनी जारी की गयी है, साथ ही हवाई अड्डे पर विंड शियर का परामर्श भी प्रभावी है। कोरिया मौसम विज्ञान प्रशासन (केएमए) ने हवाई यात्रियों से अपने उड़ान कार्यक्रम की पहले से जांच करने को कहा है क्योंकि जेजू द्वीप पर मंगलवार सुबह तक मौसम खराब रहने की आशंका है। मौसम एजेंसी के अनुसार, आज अपराह्न दो बजे तक देश के अधिकांश हिस्सों में तेज हवा, गरज और बिजली के साथ बारिश हो रही थी। जेजू द्वीप के पहाड़ी इलाकों और दक्षिण जेओला प्रांत के कुछ क्षेत्रों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गयी है, जबकि दक्षिण जेओला और ग्योंगसांग प्रांतों के अन्य क्षेत्रों के लिए भारी बारिश का परामर्श जारी किया गया है।



दक्षिण कोरिया में पांच मई को मनाये जाने वाले बाल दिवस के अधिकांश आउटडोर उत्सव बारिश के कारण रद्द कर दिये गये हैं। इसके अलावा पांच पेशेवर बेसबॉल खेल स्थगित कर दिये गये। केएमए ने बताया कि मंगलवार तक सोल, इंचियोन और ग्योंगगी प्रांत के क्षेत्रों सहित देश के अधिकांश हिस्सों में 30 से 80 मिलीमीटर बारिश होने का अनुमान है, जबकि जेजू द्वीप पर 50 से 150 मिलीमीटर बारिश होने के आसार हैं।

# कोरोना की पहली वैक्सीन बनाने वाला वैज्ञानिक भ्रष्टाचार के आरोप में फंसा, चीन ने की सख्त कार्रवाई

एजेंसी

**बीजिंग।** कोरोना वायरस आने के बाद चीन में पहली कोविड-19 वैक्सीन बनाने वाले वैज्ञानिक पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। इसके बाद चीन ने उसपर सख्त कार्रवाई करते हुए संसद से बर्खास्त कर दिया है। बता दें कि चीन में पहली कोरोना वैक्सीन चाइना नेशनल फार्मास्युटिकल ग्रुप की वैक्सीन सहायक कंपनी चाइना नेशनल बायोटेक ग्रुप ने बनाई थी। जिसके अध्यक्ष यांग जियाओमिंग थे। जिन पर अब अनुशासन और कानून के गंभीर उल्लंघन के आरोप लगे हैं। इसके बाद चीन की नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (एनपीसी) से उन्हें बर्खास्त कर दिया गया। बता दें कि 62 वर्षीय यांग जियाओमिंग एक नामी रिसर्चर हैं सीएनबीजी की कमान संभालने के साथ-साथ उन्होंने सिनोफार्म BBIBP-CorV वैक्सीन बनाने वाली टीम की अगुआई भी की थी, जिसने चीन की पहली कोरोना वैक्सीन बनाई थी।

बताया जा रहा है कि वैज्ञानिक यांग की बर्खास्तगी चीन की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की सबसे बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है, जिसे पिछले कुछ साल में राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने व्यापक भ्रष्टाचार विरोधी अभियान के विस्तार के रूप में शुरू किया है। इसका उद्देश्य रिश्वतखोरी और व्यापक भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करना है। इसके साथ ही चीनी सरकार अस्पतालों, दवा कंपनियों और बीमा फंडों पर भी कार्रवाई कर रही है। इस संबंध में बीते सालों में चीन के दर्जनों अस्पताल के प्रमुखों को हिरासत में लिया गया है।

बता दें कि कोरोना वायरस का पहले मामला दिसंबर 2019 में चीन के वुहान शहर में आया था। जहां सबसे पहले एक महिला इस जानलेवा वायरस से संक्रमित हुई थी। उसके बाद इसने धीरे-धीरे चीन को अपनी जद में लिया और उसके बाद पूरी दुनिया में फैल गया।

# टेक्सास में बाढ़ग्रस्त इलाकों से 600 लोगों को बचाया गया

एजेंसी

**ह्यूस्टन।**अमेरिका में ह्यूस्टन शहर के आसपास बाढ़ वाले इलाकों से 600 से अधिक लोगों को बचाया गया है। पूर्वी टेक्सास में रविवार दोपहर तक बाढ़ की निगरानी जारी रही।ज्यादा वर्षा का पूर्वानुमान लगाया गया है, जिससे बड़ी बाढ़ का खतरा और बढ़ गया है। समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रीय मौसम सेवा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, शनिवार देर रात से रविवार तक भारी बारिश की उम्मीद है। ह्यूस्टन से करीब 50 किमी उत्तर पूर्व में स्प्लेंडोरा के पास पिछले पांच दिनों में 21 इंच (53 सेंटीमीटर) से ज्यादा बारिश हुई।

हैरिस काउंटी की न्यायाधीश लीना हिडाल्गो ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि काउंटी के कई इलाकों में करीब 180 लोगों और 122 पालतू जानवरों को गंदे पानी से बचाया गया है। स्थानीय मीडिया के मुताबिक पोल्क काउंटी में 100 से अधिक और मोंटगोमरी काउंटी में लगभग 400 लोगों को बचाया गया। सभी तीन काउंटी ह्यूस्टन मेट्रो क्षेत्र में या उसके आसपास हैं।सैन जैसिंटो के पूर्वी फोर्क के करीब बिजली लाइनों के बराबर पानी बढ़ गया। ह्यूस्टन क्रॉनिकल ने शनिवार को बताया कि अन्य क्षेत्रों में छतों तक पानी था। हिडाल्गो ने ईस्ट फोर्क में आई बाढ़ को हार्वे के बाद से सबसे खराब बताया है।ह्यूस्टन शहर के अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि इस क्षेत्र में करीब एक सप्ताह में लगभग चार महीने की बारिश हुई। किसी की मौत या घायल होने की सूचना नहीं मिली है।डिस्क्लेमरः यह आईएएनएस न्यूज फीड से सीधे पब्लिश हुई खबर है. इसके साथ न्यूज नेशन टीम ने किसी तरह की कोई एडिटिंग नहीं की है. ऐसे में संबंधित खबर को लेकर कोई भी जिम्मेदारी न्यूज एजेंसी की ही होगी.



# हर कीमत पर किसानों के हितों की रक्षा: शहबाज

एजेंसी

**लाहौर।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने 'हर कीमत पर किसानों के हितों की रक्षा' करने का वादा किया है।

पास्को के माध्यम से गेहूं खरीद के मामलों की समीक्षा के लिए शनिवार को मॉडल टाउन में अपने आवास पर एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री शरीफ ने गेहूं बेचने और गेहूं के बैग प्राप्त करने के संबंध में किसानों की शिकायतों को 'चार दिनों' में समाधान करने के लिए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं अनुसंधान मंत्रालय के तहत एक समिति का गठन किया।

प्रधानमंत्री आवास की ओर से जारी बयान में बताया गया है कि संघीय सरकार किसानों को अधिकतम लाभ सुनिश्चित करने के लिए पास्को के माध्यम से 18 लाख टन गेहूं खरीद रही है। प्रधानमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से गेहूं खरीद प्रक्रिया की निगरानी करने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि किसानों को उनका उचित मूल्य समय पर मिले।श्री शरीफ ने कहा, सरकार किसानों की आर्थिक सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेगी और उनकी भलाई सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगी। उन्होंने इस साल गेहूं की बंपर पैदावार होने पर 'प्रसन्नता' भी व्यक्त की। बैठक में संघीय मंत्री अताउल्लाह तरार और राणा तनवीर हुसैन तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



उधर, पाकिस्तान मुस्लिम लीग -नवाज (पीएमएल-एन) के एक सूत्र ने पाकिस्तानी अखबार डॉन को बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री एवं पीएमएल-एन के सर्वोच्च नेता नवाज शरीफ चाहते है कि श्री शहबाज के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार 'मजबूत राजनीतिक दबदबे' की परवाह किए बिना कथित घोटाले में शामिल लोगों के खिलाफ 'त्वरित' कार्रवाई करे।

पीएमएल-एन के मॉडल टाउन कार्यालय में एक बैठक के दौरान यह सुझाव दिया गया कि कथित घोटाले की जांच के लिए राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) या संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) को शामिल किया जाए, लेकिन शहबाज सरकार ने शनिवार को कहा कि ऐसा कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने डॉन को बताया, सरकार का ऐसा कोई इरादा नहीं है (गेहूं आयात घोटाले की जांच के लिए एनएबी/एफआईए को शामिल करना)। वहीं, एक अंदरूनी सूत्र ने दावा किया कि चूंकि यह घोटाला काफी हद तक पूर्व कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर की सरकार से संबंधित है, इसलिए शहबाज़ प्रशासन बहुत सावधानी से काम कर रहा है।

# गाजा संघर्ष विराम वार्ता में कोई सकारात्मक प्रगति नहीः हमास सूत्र

एजेंसी

**गाजा।** गाजा संघर्ष विराम वार्ता में कोई सकारात्मक प्रगति नहीं हुई है। इस्लामिक प्रतिरोध आंदोलन (हमास) के एक सूत्र ने शनिवार को यह जानकारी दी है। नाम न छापने की शर्त पर सूत्र ने चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि इजरायल के (स्थायी) युद्धविराम के लिए प्रतिबद्ध न होने की जिद के कारण वार्ता में चुनौतियों का सामना करना पड़ा। हमास ने समझौते में गाजा से इजरायल की वापसी और संघर्ष शर्तों को पूरी तरह से समाप्त करने की मांग की, जिसे इजराइल खारिज करता रहा है।

उधर, अल अरबिया न्यूज चैनल की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि हमास इजरायल की आवश्यकता के अनुसार,



युद्धविराम समझौते के पहले चरण में शुरुआती 20 के बजाय 33 बंधकों को रिहा करने पर सहमत हुआ है। संभावित गाजा संघर्ष विराम पर मिस्र के मध्यस्थों से मिलने के लिए हमास प्रतिनिधिमंडल काहिरा पहुंचा, जिसमें कुछ बंधकों की इज़रायल वापसी होगी।

# पूरी हो गई नासा के तीन उपग्रहों की उम्र, दो दशक से धरती पर रख रहे नजर; वैज्ञानिकों में चिंता

एजेंसी

**वाशिंगटन।** धरती पर नजर रखने वाले नासा के तीन उपग्रहों की उम्र पूरी हो गई है। लंबे वक्त से चल रहे ऑर्बिटर टेरा, एक्वा और ऑरा को जल्द ही बंद कर दिया जाएगा। एक हाथी जितने भारी ये उपग्रह अगले कुछ वर्षों में अंधेरे में चले जायेंगे, लेकिन कोई नहीं जानता कि ऐसा कब होगा। ये धीरे-धीरे अपनी ऊंचाई खो रहे हैं। यह एक ऐसा पल है जिससे वैज्ञानिक डर रहे हैं। दो दशकों से भी अधिक वक्त से ये उपग्रह पृथ्वी पर नजर रखे हुए हैं। जो उम्मीद से भी अधिक है। इनसे मौसम की भविष्यवाणी करने, जंगल की आग का प्रबंधन करने, तेल रिसाव की निगरानी करने और बहुत कुछ करने में मदद मिलती है।

इसके बाद वैज्ञानिकों को बदलती जा रही पृथ्वी के बारे में अपने नजरिए को परखने का समाधान खोजने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। लेकिन अब इन उम्र उन पर हावी हो रही है। ये जल्द ही अपना आखिरी प्रसारण भेजने के साथ पृथ्वी पर धीमी रफ्तार से गिरना शुरू कर देंगे। उपग्रहों के बंद होने के साथ ही इनका इकट्ठा किया गया अधिकांश डेटा भी खत्म हो जाएगा। इनकी जगह लेने वाले नए उपग्रह सारा डेटा नहीं ले पाएंगे। शोधकर्ताओं को या तो अपनी सटीक जरूरतों को पूरा न कर सकने वाले वैकल्पिक स्रोतों पर निर्भर रहना होगा या अपने रिकॉर्ड को जारी रखने के लिए नया रास्ता तलाशना होगा। इन उपग्रहों के इकट्ठा किए गए कुछ डेटा के साथ हालात और भी बदतर है, क्योंकि कोई अन्य उपकरण इसे इकट्ठा करना जारी नहीं रखेगा। हमारी दुनिया के बारे में जो बढ़िया विशेषताएं इन उपग्रहों ने बताई थी वो जल्दी ही धुंधली हो जाएगी।

मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के वायुमंडलीय रसायनज्ञ सुसान सोलोमन के मुताबिक, इस अपूरणीय डेटा को खोना बेहद दुखद है। वो भी उस वक्त जब यह समझने पर ध्यान केंद्रित करने की सबसे अधिक जरूरत है कि हम पृथ्वी को कैसे प्रभावित होते हैं और हम इससे कैसे प्रभावित कर रहे हैं। इन उपग्रहों के खत्म होने से हम समताप मंडल पर नजर खो देंगे। ये ओजोन परत का सबसे अहम घर है। समताप मंडल की ठंडी, पतली हवा में, ओजोन अणु लगातार बनते और नष्ट होते, उछलते और बहते रहते हैं, क्योंकि वे अन्य गैसों के साथ संपर्क करते हैं। इनमें से कुछ गैसों की उत्पत्ति प्राकृतिक है; दूसरे हमारी वजह से वहां हैं। बीते साल, नासा ने वैज्ञानिकों से इस बारे में विचार विमर्श किया कि टेरा, एक्वा और ऑरा का अंत उनके काम को कैसे प्रभावित करेगा। उनमें से 180 से अधिक ने इसका जवाब दिया। न्यूयॉर्क टाइम्स को सूचना की स्वतंत्रता अधिनियम के जरिए ये पत्र हासिल हुए थे। इनमें शोधकर्ताओं ने उपग्रहों से डेटा की एक विस्तृत श्रृंखला के बारे में चिंता जताई थी।

## बंगलादेश ने जिम्बाब्वे को छह विकेट से हराया

एजेंसी

**चटगांव।** बंगलादेश ने पांच मैचों की श्रृंखला के दूसरे टी-20 मुकाबले में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद मो. तौहीद हृदोय के नाबाद (37)और महमुदउल्लाह (26) रनों की पारियों के दम पर जिम्बाब्वे को छह विकेट से हरा दिया है।

139 रनों लक्ष्य का पीछा करते हुए बंगलादेश की लिटन कुमार दास और तंजिद हसन की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिये 41 रन जोड़े।




लिटन कुमार दास (25), तंज़िद हसन (18), कप्तान नजमुल शान्तो (16) और जाकेर अली (13) रन बनाकर आउट हुये। तौहीद हृदोय ने सर्वाधिक (37) रन बनाये। उन्होंने अपनी पारी में उन्होंने 3 चौके और 2 छक्के लगाए। वहीं महमुदुल्लाह 16 गेंद में 2 चौके और एक छक्के की मदद से 26 रन बनाकर नाबाद रहे। तौहीद और महमुदुल्लाह के 49 रन अवजित की साझेदारी हुई। बंगलादेश ने 18.3 ओवर में चार विकेट पर 142 रन बनाकर छह विकेट से मुकाबला जीत लिया।

## इगा स्विएटेक ने पहली बार जीता मैड्रिड ओपन खिताब




**मैड्रिड।** दुनिया की नंबर एक टेनिस खिलाड़ी इगा स्विएटेक ने रोमांचक फाइनल मुकाबले में एरीना सबैलेन्का को 7-5, 4-6, 7-6(7) से हराकर मैड्रिड ओपन का अपना पहला खिताब जीता। स्पेन की राजधानी मैड्रिड में शनिवार को पोलैंड की स्विएटेक ने तीन घंटे और 11 मिनट तक चले मुकाबले में गत चैंपियन बेलारुस की एरीना सबैलेन्का को हराकर अपना पहला मैड्रिड ओपन खिताब जीता।

## पुजारा ने काउंटी चैंपियनशिप में जड़ा शतक



**लंदन।** काउंटी चैंपियनशिप डिवीजन टू के मैच में दूसरे दिन ससेक्स के लिए खेलते हुए भारतीय दिग्गज बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने नाबाद (104) रनों की शतकीय पारी खेली। यह तीन सत्र में ससेक्स के लिए उनका नौवां शतक है। मैच में पुजारा के अलावा टॉम हेंस, टॉम एल्सॉप और जेम्स कोल्स ने भी अर्धशतक लगाए। ससेक्स ने डर्बीशायर के साथ खेले जा रहे मुकाबले में अब तक पांच विकेट पर 357 रन बना लिया है और उन्हें पहली पारी में 111 रनों की बढ़त मिल चुकी है। दिन के आखिर में लुईस रीस ने ससेक्स के दो विकेट लेकर डर्बीशायर को मैच में बनाए रखा है।

## मयंक का आईपीएल के शेष मैचों में खेलना मुश्किल



**लखनऊ।** अपनी तेज रफ्तार गेंदबाजी से सनसनी फैलाने वाले लखनऊ सुपर जॉयंट्स (एलएसजी) के तेज़ गेंदबाज़ मयंक यादव इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में शेष मैचों में खेलना मुश्किल है। मयंक को पेट की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण आईपीएल के दो मुकाबले खेलने के बाद विश्राम दिया गया था हालांकि वह मुबंई के खिलाफ मुकाबले में मैदान पर वापस आये थे और एक विकेट भी चटकाया था मगर स्पेल के आखिरी ओवर में दर्द के कारण उन्हे एक बार फिर से मैदान के बाहर जाना पड़ा था।

# चेन्नई ने चुकता किया हिसाब, पंजाब को उनके घर पर 28 रनों से दी मात

एजेंसी

**धर्मशाला।** धर्मशाला के एचपीसीए क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब किंग्स इलेवन और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेले गए मैच में चेन्नई ने पिछले मैच का हिसाब चुकता करते हुए पंजाब को उनके घर पर ही 28 रनों से मात दे दी। पिछले एक मई को पंजाब ने चेन्नई के उसके होम ग्रांउड में सात विकेट से हराया था। धर्मशाला में खेले गए मैच में चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाब के समक्ष 168 रनों का लक्ष्य दिया था लेकिन पंजाब की टीम नौ विकेट पर 139 रन ही बना पाई। चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 167 रन बनाए थे। चेन्नई की जीत में आलरांउडर रविंद्र जडेजा की अहम भूमिका रही। जडेजा ने पहले बल्लेबाजी में और फिर गेंदबाजी में भी बेहतर प्रदर्शन किया और पंजाब के तीन बल्लेबाजों को पैवेलियन का रास्ता दिखाया। जडेजा प्लेयर आफ द मैच बने।



पंजाब के ओपनर प्रभसिमरन के 23 गेंदों में दो चैकों और दो छक्कों के साथ 30 रन की पारी खेली। इनके अलावा शशांक सिंह ने 20 गेंदों पर चार चैकों की मदद से 27 रन बनाए। इसके अलावा पंजाब के बल्लेबाज कुछ खास नही कर पाए। पंजाब के पांच बल्लेबाज डबल फिगर तक भी नही पंहुच पाए।

उधर चेन्नई की ओर से गेंदबाजी में रविंद्र जडेजा ने सबसे अधिक 20 रन देकर तीन, सिमरनजीत 16 रन देकर दो और देशपांडे 35 रन देकर दो विकेट लेने में कामयाब रहे। मिचल सैंटनर और शार्दुल ठाकुर को एक-एक विकेट मिला।

उधर इससे पूर्व चेन्नई की ओर से रविंद्र जडेजा ने स्वांधिक 26 गेंदों पर 43 रनों का अहम योगदान दिया जिनमें तीन चैके और दो छक्के शामिल रहे। कैप्टन और ओपनर ऋतुराज गायकवाड़ ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए सबसे अधिक 32 रन बनाए। उन्होंने 21 गेंदों का सामना करते हुए चार चैकों और एक छक्के के साथ 32 रन बनाए। वहीं डैरेल मिचल ने भी तेज गति से 19 गेंदों में 30 रन बनाए जिनमें दो चैके और एक छक्का शामिल था। इनके अलावा मोइन अली ने 20 गेंदों पर 17 मिचल सैंटनर ने 11 गेंदों पर 11, शार्दुल ठाकुर ने 11 गेंदों पर 17 रन बनाए और अजिंक्य रहाणे ने सात गेंदों पर नौ रन बनाए। जबकि एमएस धोनी और शिवम दूबे शून्य पर आउट हो गए। उधर गेंदबाजी में पंजाब की ओर से स्पिनर राहुल चाहर और हर्षल पटेल ने तीन-तीन विकेट अपने नाम किए। वहीं अर्शदीप सिंह ने दो जबकि सैम करन ने एक विकेट लिया।

## गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से कोलकाता ने लखनऊ को 98 रनों से हराया

एजेंसी

**लखनऊ।** सुनील नारायण की (81) रनों की पारी और हर्षित राणा और वरुण चक्रवर्ती की बेहतरीन गेंदबाजी बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 54वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स को 98 रनों से हरा दिया है। इस आठवीं जीत के साथ ही कोलकाता अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गयी है।

236 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में अर्शीन कुलकर्णी (9) रन का विकेट गवां दिया। इसके बाद कप्तान के एल राहुल और मार्कस स्टॉयनिस ने दूसरे विकेट के लिये 50 रनों की साझेदारी की। आठवें ओवर में केरल राहुल 21 गेंदों मे 25 रन बनाकर आउट हुये। अगले ही ओवर में दीपक हुड्डा (5) उसके बाद मार्कस स्टॉयनिस 21 गेंदों में 36 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। इसके बाद लखनऊ के लगातार विकेट गिरते रहे। निकोलस पूरन (10), आयुष बदोनी (15), एशटन टर्नर (16), क्रुणाल पंड्या (5), युद्धवीर सिंह चरक (7) और रवि बिश्नोई (2) रन बनाकर आउट हुये। कोलकाता ने लखनऊ की पारी को 16.1 ओवर में 137 रन पर समेटते हुये मुकाबला 98 रनों से जीत लिया।

कोलकाता की ओर से वरुण चक्रवर्ती और हर्षित राणा तीन- तीन विकेट लिये। आंद्रे रसल को दो विकेट मिले। मिचेल स्टार्क और सुनील नारायण ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।इससे पहले कोलकाता ने बेहतरीन बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए लखनऊ को जीत के लिए 236 रनों का लक्ष्य दिया था।

आज यहां लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान के एल राहुल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता की फिल सॉल्ट और सुनील नारायण की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिये 61 रन जोडे। पांचवें ओवर में नवीन उल हक ने फिल सॉल्ट को आउट कर लखनऊ को पहली सफलता दिलाई। सॉल्ट ने 14 गेंदों में पांच चौके और एक छक्के की मदद से (32) रन बनाये। इसके बाद 12वें ओवर में रवि बिश्नोई ने सुनील नारायण को आउट किया।

## आईएसएसएफ विश्व कपः भारतीय ट्रैप निशानेबाजों ने किया निराश, विवान शूट-ऑफ में बाहर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय ट्रैप निशानेबाज विवान कपूर बाकू में चल रहे आईएसएसएफ विश्व कप के खिताबी दौर में प्रवेश करने में असफल रहे। विवान टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता ग्रेट ब्रिटेन के मैथ्यू जॉन काउर्ड-होली के साथ शूट-ऑफ में 2-3 से हारकर बाहर हो गए।

विवान ने क्वालीफिकेशन राउंड में 120 अंक बनाए और छठे तथा अंतिम क्वालीफाइंग स्थान के लिए तीन निशानेबाजों के शूट-ऑफ में जगह बनाई, जिसमें आयरलैंड के पूर्व जूनियर विश्व चैंपियन इयान ओ' सुलिवन और काउर्ड-हॉली भी शामिल थे। इयान अपना पहला शॉट चूक गए और पहले स्थान से हट गए, जबकि विवान लगातार लड़ते रहे लेकिन उनका तीसरा शॉट चूक गया, काउर्ड-हॉली ने तीनों निशाने साधे और आगे निकल गए। विवान को सातवें स्थान से संतोष करना पड़ा।



विवान के अलावा पृथ्वीराज टोंडाइमन (स्कोर 117, रैंक 24) और भौनीश मेंदीरत्ता (स्कोर 116, रैंक 39) का भी पुरुषों की ट्रैप स्पर्धा में प्रदर्शन निराशाजनक रहा। महिलाओं की ट्रैप स्पर्धा में राजेश्वरी कुमारी (स्कोर 108) निराशाजनक 23वें स्थान पर रहीं, जबकि श्रेयसी सिंह (स्कोर 107, रैंक 29), मनीष कीर (स्कोर 105, रैंक 38) सूची में और भी पीछे रहीं।

## चीन ने 16वीं बार जीता उबेर कप का खिताब, फाइनल में इंडोनेशिया को हराया

एजेंसी

**चेंगदू।** चीन ने यहां इंडोनेशिया को 3-0 से हराकर अपना 16वां उबेर कप खिताब जीता। दो साल पहले दक्षिण कोरिया से फाइनल हारने के बाद, 2016 के बाद पहली बार चीनी धरती पर आयोजित चैंपियनशिप में चीन को प्रबल दावेदार माना जा रहा था।

ओलंपिक चैंपियन चेन युफेई ने एकल मुकाबले में बढ़त बनाई और ग्रेगोरिया मारिस्का टुनजुंग को 21-7, 21-16 से हराकर चीन को 1-0 की बढत दिलाई। विश्व की नंबर 1 जोड़ी चेन किंगचेन और जिया यिफान ने युगल मुकाबले में सिती फादिया सिल्वा रामधंती और रिबका सुगियार्तो को 21-11, 21-8 से हराकर चीन को 2-0 से आगे कर दिया। इसके बाद दूसरे एकल में इंडोनेशियाई किशोरी एस्टर नूरुमी ट्राई ने पहला सेट 21-10 से जीत लिया, लेकिन ही बिंगजियाओ ने वापसी करते हुए



21-15, 21-17 से जीत दर्ज की और खिताब अपने नाम किया।यह युवा इंडोनेशियाई खिलाड़ियों के लिए भी ऐतिहासिक दिन था, क्योंकि उन्होंने 2008 के बाद पहली बार टीम को फाइनल में पहुंचाया था। जापान और दक्षिण कोरिया ने कांस्य पदक साझा किया।

# झांसी का लाल सौरभ आनन्द यूरोप दौरे पर दिखायेगा हॉकी का कमाल

एजेंसी

**झांसी।** यूरोपीय दौरे के लिए हॉकी इंडिया की जूनियर पुरुष हॉकी टीम की घोषणा होते ही नगर के खेल प्रेमियों में खुशी की लहार दौड़ गई, क्योंकि झांसी के लाडले सौरभ आनंद को भारतीय टीम में जगह जो मिली है। सौरभ ने खेल विशेषज्ञ बृजेन्द्र यादव से बातचीत करते हुए कहा कि दूसरे देशों की टीमों के खिलाफ एक साथ खेलना शानदार होगा। यह दौरा एक शानदार अनुभव होगा और यह मूल्यांकन करने में बहुत मददगार होगा कि हम एक टीम और व्यक्तिगत खिलाड़ी के रूप में कहां खड़े हैं। यह हमारी ताकत का पता लगाने और हमें किन क्षेत्रों में सुधार करने की आवश्यकता है, इसका पता लगाने का एक शानदार तरीका होगा।



भारतीय टीम में चयन पर सौरभ ने कहा कि माता पिता, झांसी के सभी हॉकी प्रेमियों और शुभचिन्तकों के आशिर्वाद का ही परिणाम है कि आज फिर यूरोपीय दौरे के लिए टीम इंडिया का हिस्सा बन पाया। फोरवर्ड लाइन में सौरभ इससे पूर्व जूनियर विश्व कप और एशिया कप में भी भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके है। उन्होंने कहा कि टीम के कोच जनार्दन जर्निलिस्ट और मो. इंतिख़ाब आलम सर के द्वारा बनाई रणनीति के आधार पर ही इस दौरे के मैचों में हम सब बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

भारतीय जूनियर हॉकी टीम 20 से 29 मई 2024 के बीच इस दौरे पर टीम बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड्स क्लब टीम ब्रेडेज हॉकी वेरेनिगिंग पुश के खिलाफ तीन देशों में पांच मैच खेलेगी। हॉकी इंडिया की पहल के तहत भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड में मैच खेलेगी, ताकि टीम को अनुभव प्राप्त करने में मदद मिल सके। वे अपना पहला मैच 20 मई को बेल्जियम के एंटवर्प में बेल्जियम के खिलाफ खेलेंगे, उसके बाद 22 मई को नीदरलैंड के ब्रेडा में बेल्जियम के खिलाफ दूसरा मैच खेलेगी। इसके बाद भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम 23 मई को ब्रेडा में नीदरलैंड की क्लब टीम ब्रेडेस हॉकी वेरेनिगिंग पुश से खेलेगी, उसके बाद 28 मई को जर्मनी के खिलाफ जर्मनी में खेलेगी। टीम 29 मई को अपने दौरे के अंतिम मैच में एक बार फिर जर्मनी से खेलने के लिए ब्रेडा लौटेगी।

## अमूल होगा टी-20 विश्वकप अमेरिकी टीम का प्राथमिक प्रायोजक

**आणंद।** भारतीय दुग्ध उत्पाद निर्माता अमूल पुरुष टी-20 विश्वकप 2024 में अमेरिका की टीम का प्राथमिक प्रायोजक बना है। आधिकारिक सूत्रों ने यहां बताया कि अमेरिका क्रिकेट के अध्यक्ष वेणु पिसिके ने अमूल के प्राथमिक प्रायोजक बनने पर खुशी व्यक्त की है। वेणे पिसिके ने कहा, हमें आईसीसी क्रिकेट टी-20 विश्वकप 2024 के लिए मुख्य प्रायोजक के रूप में अमूल को शामिल करके खुशी हो रही है। क्रिकेट टीमों को प्रायोजित करने का अमूल का व्यापक ट्रैक रिकॉर्ड इस बात को रेखांकित करता है कि प्रतिभा को पोषित करने, खेल कौशल को प्रोत्साहित करने और विश्व स्तर पर समुदायों को एकजुट करने की अमूल प्रतिबद्ध है।

# यूएसएटीएफ थ्रो फेस्टिवल 2024: तेजस्विन शंकर ने जीता पुरुषों की हाई जंप का खिताब

**एरिजोना।** भारतीय हाई जंप एथलीट तेजस्विन शंकर ने एरिजोना के टक्सन में आयोजित यूएसएटीएफ थ्रो फेस्टिवल 2024 में पुरुषों की हाई जंप का खिताब हासिल किया। ओलंपिक डॉट कॉम के अनुसार, शंकर ने 2.23 मीटर के सीजन के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ खिताब जीता। दिलचस्प बात यह है कि शीर्ष तीन जंपर्स ने 2.23 मीटर का आंकड़ा दर्ज किया, जिसमें यूएसए के अर्नेस्ट सियर्स दूसरे और मैक्सिको के रॉबर्टो विल्चेस तीसरे स्थान पर रहे। तेजस्विन का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 2.29 मीटर है, जो एक राष्ट्रीय स्तर का रिकॉर्ड भी है जिसे उन्होंने 2018 में हासिल किया था। यूएसएटीएफ थ्रो फेस्टिवल वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर में सिल्वर लेवल मीट है। इन इवेंट्स में प्रदर्शन करने से एथलीटों को इस साल जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक 2024 से पहले ओलंपिक रैंकिंग पॉइंट्स हासिल




करने में मदद मिलती है। केवल 32 एथलीट, जिनमें से प्रत्येक देश के लिए अधिकतम तीन एथलीट हैं, पेरिस 2024 ओलंपिक में पुरुषों की ऊंची कूद स्पर्धा के लिए क्वालीफाई कर सकते हैं। वे क्वालिफिकेशन अवधि के भीतर प्रवेश मानक हासिल करके या अपनी विश्व रैंकिंग के आधार पर कोटा अर्जित कर सकते हैं। अब तक, नौ एथलीट 2.33 मीटर के क्वालिफिकेशन मानक को हासिल करके पेरिस ओलंपिक में जगह बना चुके हैं। 25 वर्षीय शंकर, जिन्होंने इस साल पांच स्पर्धाओं में भाग लिया है, वर्तमान में बहु-खेल स्पर्धा से पहले विश्व में 63वें स्थान पर हैं। तेजस्विन ने इस साल तीन मीट हासिल की हैं, जिसमें फरवरी में बेल्जियम में अंतरराष्ट्रीय हाई जंप गाला एल्मोस, मार्च में कंसास में शॉकर स्प्रिंग इनविटेशनल शामिल है।

एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता सर्वेश कुशारे 2.13 मीटर की छलांग के साथ पांचवें स्थान पर रहे, जो उनके व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 2.27 मीटर और सीजन के सर्वश्रेष्ठ 2.23 मीटर से कम है। एरिजोना में, कुशारे 2.18 मीटर के निशान को पार करने के सभी तीन प्रयासों में विफल रहे।

# आईपीएल 2024: सीएसके के तेज गेंदबाज मथीसा पथिराना श्रीलंका लौटे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और श्रीलंका के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना हैमस्ट्रिंग की चोट से उबरने के लिए स्वदेश लौटेंगे। सीएसके ने उक्त जानकारी दी।

पथिराना का चोटिल होना सीएसके के लिए हुत बड़ा झटका है, जो डेथ ओवरों में टीम के लिए काफी प्रभावी रहते हैं। सीएसके ने एक बयान में कहा, मथीशा पथिराना हैमस्ट्रिंग की चोट से उबर रहे हैं और आगे के इलाज के लिए श्रीलंका लौटेंगे। चेन्नई सुपर किंग्स पथिराना के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता है। हालांकि सीएसके ने यह नहीं बताया कि मथीशा पथिराना सीज़न के आखिरी चरण में वापसी करेंगे या नहीं। सीएसके प्लेऑफ़ में पहुँचने की दौड़ में बनी हुई है, जिसने



अपने पहले 10 मैचों में से 5 जीते हैं। मथीशा पथिराना आईपीएल 2024 में 6 मैचों में 13 विकेट लेकर उनके दूसरे सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। उनसे आगे बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफ़िज़ुर रहमान हैं, जिन्होंने 9 मैचों में 14 विकेट लिए थे। सीएसके आईपीएल 2024 के लीग चरण के अंत में पथिराना और मुस्तफिजुर रहमान दोनों के बिना है। लीग के शेष मैचों के लिए पथिराना की उपलब्धता अनिश्चित है, जबकि मुस्तफिजुर उनके अभियान में आगे हिस्सा नहीं लेंगे क्योंकि बांग्लादेश के तेज गेंदबाज 2 जून से शुरू होने वाले टी 20 विश्व कप 2024 से पहले राष्ट्रीय कर्तव्य के लिए स्वदेश लौट गए हैं।

## पेरिस में गेम्स विलेज में नहीं होटल में ठहरेंगे गोल्फर, थकान से बचाने के लिए उठाया गया कदम

**नई दिल्ली।** टोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहकर पदक से चूकने वाली गोल्फर अदिति अशोक के 40 किलोमीटर के थकावट भरे सफर को ध्यान में रख इस बार पेरिस में गोल्फरों को कोर्स के नजदीक ठहराया जा रहा है। भारतीय गोल्फर गेम्स विलेज में नहीं बल्कि कोर्स के नजदीक होटल में ठहराए जाएंगे। होटल से कोर्स की दूरी आठ से 10 की मिनट की है। टोक्यों में अदिति को गेम्स विलेज से कोर्स पहुंचने में डेढ़ घंटा लगता था। उन्हें कोर्स जाने के लिए तड़के तीन-साढ़े तीन बजे उठना पड़ता था। तब वह सात बजे शुरू होने वाले मुकाबले में पहुंच पाती थीं। इस बार भी पेरिस में कोर्स गेम्स विलेज से 40 किलोमिटर दूर है।

# महिला टी20 विश्व कप 2024 : भारत 4 अक्टूबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगा अभियान की शुरुआत

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने महिला टी20 विश्व कप 2024 का कार्यक्रम जारी कर दिया है। भारत महिला टी20 विश्व कप में अपना अभियान 4 अक्टूबर को सिलहट में न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू करेगा।

भारत का बहुप्रतीक्षित मैच 6 अक्टूबर को सिलहट में पाकिस्तान के खिलाफ होगा। इसके बाद भारत 9 अक्टूबर को क्वालीफायर 1 से भिड़ेगा और अपने अंतिम ग्रुप मैच में 13 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगा।

भारत ग्रुप ए में न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, क्वालीफायर 1 और ऑस्ट्रेलिया के साथ है। भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने आईसीसी के हवाले से कहा, मैं इस साल के अंत में बांग्लादेश में होने वाले आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में भाग लेने की संभावना से रोमांचित हूं। पिछले कुछ वर्षों में महिला क्रिकेट और विशेष रूप से महिला विश्व कप का विकास अविश्वसनीय रहा है। मुझे यकीन है कि यह आयोजन दुनिया का मनोरंजन करने के लिए प्रतिस्पर्धी और उच्च ऊर्जा वाले क्रिकेट के साथ अलग नहीं होगा।

ग्रुप बी में मेजबान बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और क्वालीफायर 2 शामिल हैं। 2024 महिला टी20 विश्व कप 3 से 20 अक्टूबर को बांग्लादेश में आयोजित किया जाएगा, 2014 के बाद यह दूसरी बार है जब यह टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है।

दस टीमें 18 दिनों में दो स्थानों ढाका में शेरे बांग्ला राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम और सिलहट में सिलहट अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 23 मैच खेलेंगी। 2023 विश्व कप उपविजेता दक्षिण अफ्रीका टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में इंग्लैंड से खेलेगा। इसके बाद मेजबान बांग्लादेश ढाका में शाम के मैच में क्वालीफायर 2 का सामना करेगा। ऑस्ट्रेलियाई टीम, जो कि गत विजेता है और इस आयोजन के इतिहास की सबसे सफल टीम है, अपने अभियान की शुरुआत 4 अक्टूबर को सिलहट में क्वालीफायर 1 के खिलाफ करेगी। ग्रुप ए और ग्रुप बी की शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी, जो 17 अक्टूबर को सिलहट में और 18 अक्टूबर को ढाका में होने वाला है। टी-20 विश्व कप 2024 का खिताबी मुकाबला 20 अक्टूबर को ढाका के शेर-ए-बांग्ला राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा।

27 सितंबर से 1 अक्टूबर तक 10 अभ्यास मैच खेले जाएंगे, जो सभी ढाका के बीकेएसपी में होंगे। मेगा इवेंट के लिए क्वालीफायर 1 और 2 यूएई के अबू धाबी में चल रहे आईसीसी महिला टी20 विश्व कप क्वालीफायर से निकलेंगे, जिसका फाइनल 7 मई को खेला जाएगा। श्रीलंका, यूएई, आयरलैंड और स्कॉटलैंड के बीच क्वालीफायर में सेमीफाइनल मैचों के विजेता महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए अंतिम स्थान प्राप्त करेंगे। आईसीसी के सीईओ ज्योफ एलार्डिस ने कहा, हम नौवें आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के लिए कार्यक्रम की घोषणा करते हुए रोमांचित हैं। बांग्लादेश में आईसीसी विश्व कप का आयोजन होना बहुत अच्छा होगा, एक ऐसा देश जिसके इतने बड़े और उत्साही प्रशंसक हैं जो आईसीसी इवेंट का सीधे आनंद ले सकेंगे। हमने पिछले कुछ वर्षों में प्रत्येक महिला विश्व कप के प्रभाव और सफलता को देखा है, जिसने महिला खेल के लिए महत्वपूर्ण गति का निर्माण किया है। महिला टी20 विश्व कप में बांग्लादेश में महिला क्रिकेट को बदलने की क्षमता है, साथ ही यह दुनिया भर में प्रशंसकों और प्रतिभागियों की एक नई पीढ़ी तैयार करेगा। एक रणनीतिक प्राथमिकता के रूप में, हम दक्षिण एशिया और दुनिया भर में मैदान के अंदर और बाहर इसके सकारात्मक प्रभाव को देखने के लिए उत्साहित हैं।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 07 मई 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072
RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## जालंधर में सड़क हादसा, चार की मौत

टीम एक्शन इंडिया

**जालंधर:** जालंधर-पठानकोट रोड पर गांव रायपुर रसूलपुर के पास एक भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। इसमें एक 11 साल की बच्ची भी शामिल है। थाना मकसूदां के प्रभारी केवल सिंह ने बताया कि सुबह चार बजे के करीब हुए इस सड़क हादसे में आई 10 ग्रैंड कार में सवार 6 लोग वैष्णा देवी मंदिर से माथा टेक कर लौट रहे थे। जब वे रायपुर रसूलपुर के पास पहुंचे तो पीछे से आ रही इनोवा कार के चालक ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे संतुलन बिगड़ गया और कार अनियंत्रित होकर सड़क के आसपास पेड़ों से जा टकराई। इस दौरान कार में सवार एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**महाराष्ट्र का रहने वाला था परिवार**

थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक व्यक्तियों की पहचान महाराष्ट्र के अमरावती डिले के गां सुरामऊ निवासी गनु (59), लोकेश (33), उनकी पत्नी अनीशा (26) और उनकी 11 महीने की बेटी निहारिका के रूप में हुई है। घायलों की पहचान सर्ब सोती और लोटस कुमार के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि भी के शव पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल में रखवाए गए हैं। उन्होंने बताया कि इनोवा कार में सवार पांच लोगों को मामूली चोटें आई थीं, जिन्हें मरहम-पट्टी कर उनके घर लुधियाना भेज दिया गया है और इनोवा कार के ड्राइवर सोनू निवासी लुधियाना को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## 'वनाग्नि के पीछे सरकार की लापरवाही'

टीम एक्शन इंडिया

**देहरादून:** कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय में सोमवार को कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने आरोप लगाया कि उत्तराखंड के जंगलों में लगी भीषण आग के विकराल रूप धारण करने के पीछे केंद्र व राज्य की डबल इंजन की भाजपा सरकार की घोर लापरवाही है। उन्होंने राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) से तत्काल हस्तक्षेप कर राज्य सरकार को आवश्यक कदम उठाने के लिए निर्देश जारी करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि राज्य का कोई जनपद ऐसा नहीं है, जहां वन में आग ना लगी हो। अब तक रिपोर्ट की गई नौ सौ दस घटनाओं में लगभग डेढ़ हजार हेक्टेयर जंगल जल चुके हैं। चार मानव हानि हुई हैं और अनगिनत वन्य जीवों की हानि की संभावना है। यह स्थितियां अधिक भयावह होती जा रही हैं जो आपदा की आपातकाल स्थिति है।

लेकिन राज्य के मुख्यमंत्री जो आपदा प्रबंधन मंत्री भी हैं वे चुनावी दौरों में राज्य से बाहर व्यस्त हैं।

# खुशहाल रहे भारत इसके लिए मोदी जरूरी: योगी

## कांग्रेसियों की मति मारी गई है जो भगवान का विरोध कर रहे हैं: सीएम योगी आदित्यनाथ

**मर्यादा पुरुष**

▸▸ देश में एक तरफ भगवान विष्णु के अवतार मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के भक्त हैं तो दूसरी तरफ रामद्रोही हैं



टीम एक्शन इंडिया

**हरदोई:** सृष्टि के प्रारंभ से ही दो प्रकार के मानव रहते आए हैं। एक वे जीव हैं जो श्रीहरि विष्णु के विरोधी हैं और दूसरा वे, जो ईश्वरीय सत्ता के स्नेही हैं। हरदोई वाले श्रीहरि विष्णु के स्नेही हैं। देश में एक तरफ भगवान विष्णु के अवतार मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के भक्त हैं तो दूसरी तरफ रामद्रोही हैं। एक तरफ ईश्वरीय सत्ता पर विश्वास करने वाली भाजपा है तो दूसरी तरफ राम का द्रोह करने वाले। कांग्रेस ने अपने प्रवक्ता के खिलाफ इसलिए कार्रवाई कर दी, क्योंकि वे रामलला का दर्शन करने गई थीं। कांग्रेसियों की मति मारी गई है, जो भगवान का विरोध कर रहे हैं। इनकी दुर्गति तय है। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने हरदोई के सांसद व भाजपा प्रत्याशी जयप्रकाश रावत के लिए सोमवार को शाहाबाद में जनसभा की। भीड़ देख अभिभूत सीएम ने कहा कि भीषण धूप में गर्मी व लू की परवाह किए बिना आप भाजपा को आशीर्वाद देने आए हैं। आपका उत्साह बता रहा कि आएंगे फिर मोदी ही। पूरे देश में जनता कह रही है कि जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे। राम को लाने रामभक्त ही आएंगे, रामद्रोही नहीं। हरदोई में मेडिकल कॉलेज बन गया, गंगा एक्सप्रेसवे भी हरदोई से होकर जा रहा। सीएम योगी ने कहा कि हरदोई में भी मेडिकल कॉलेज बन गया। गंगा एक्सप्रेसवे भी हरदोई से होकर जा रहा है। गंगा एक्सप्रेसवे के जरिए हरदोई से दिल्ली महज चार व प्रयागराज डेढ़-दो घंटे में पहुंच जाएंगे। इसमें औद्योगिक क्लस्टर बनेंगे। हजारों नौजवानों के लिए नौकरी व रोजगार के अवसर भी आएंगे। कांग्रेस व सपा सरकार के समय गरीब भूखों मरता था, आज 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन मिल रहा है। इन लोगों ने 65 वर्ष शासन किया पर कुछ कर नहीं पाए। उत्तर प्रदेश में किसी के बीमार होने पर हम पीड़ित के जनधन अकाउंट में पैसा भेजते हैं और कहते हैं कि इलाज कराओ। अब आने वाली सहायता में कोई कमीशन नहीं ले सकता, क्योंकि जनधन अकाउंट खुल गया है। कांग्रेस-सपा शासन में किसान आत्महत्या करता था, आज उसे किसान सम्मान निधि मिल रही है।

**आने वाली पीढ़ी खुशहाल रहे, इसके लिए मोदी जरूरी**

**सीएम** ने कहा कि युवाओं के लिए भारत को विकसित बनाना है। आने वाली पीढ़ी 25 साल बाद भी खुशहाल रहे। कोई गरीब, कमजोर, बदहाल न रहे। ऐसा भारत चाहिए और इसके लिए मोदी आज जरूरी है। सीएम ने हरदोई से जयप्रकाश रावत को रिकॉर्डतोड़ वोटों से जिताने के साथ ही तीसरी बार देश की सत्ता पीएम मोदी को सौंपने की अपील की।

**अब संसाधन पर वर्ग विशेष की नहीं, 'सबका साथ' का दावा करने वाले पीएम हैं :** सीएम योगी ने कहा कि चेहरा देखकर काम नहीं होता है। संसाधन पर किसी वर्ग विशेष का अधिकार है, अब यह दावा करने वाले प्रधानमंत्री नहीं हैं। वे सबका साथ-सबका विश्वास की बात कहते हैं। मोदी सपने नहीं, हकीकत बुनते हैं, इसलिए बार-बार आमजन मोदी जी को चुनते हैं। सुरक्षा, सम्मान, समृद्धि, विकास के कारण पनपे जन विश्वास से ही बार-बार सरकार बन रही है।

**अयोध्या में पहुंचे पीएम ने प्रभु को किया साष्टांग**

सीएम ने कहा कि रामलला कब विराजमान होंगे, यह देखने पीढ़ियां तड़प रही थीं। कांग्रेसी कहते थे कि राम हुए ही नहीं, लेकिन मोदी जी रविवार को फिर अयोध्या गए थे। प्रभु राम को साष्टांग प्रणाम किया। भगवान श्रीराम आरती की, फिर रात 9 बजे तक उनका रोड शो चलता रहा। अयोध्या के साथ ही पूरे देश से भी एक लाख लोग वहां पहुंचे थे। काशी विश्वनाथ धाम हो या विंध्यवासिनी धाम। अपने यहां के मठ-मंदिरों को देखिए, यहां भी धनराशि उपलब्ध कराई है।

सीएम योगी ने कहा कि भाजपा सरकार में भेदभाव के दिन दूर हो गए कि कब्रिस्तान के लिए पैसा आएगा और श्मशान घाट के लिए नहीं आएगा। बिजली केवल चार जिलों को नहीं, बल्कि सभी 75 जिलों को समान रूप से मिल रही है।

## तीसरे चरण के रण में योगी ने खूब बहाया पसीना



**पसीना बहाया**

▸▸ प्रदेश के बाहर भी कई राज्यों में प्रचार करने के बाद भी मुख्यमंत्री दस सीटों में पहुंचे

टीम एक्शन इंडिया

**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तीसरे चरण के रण के लिए इस भीषण गर्मी में भी खूब पसीना बहाया है। दस सीटों पर तीसरे चरण का मतदान सात मई को होना है। इसमें प्रदेश सरकार के दो मंत्री भी मैदान में हैं। मुख्यमंत्री इन दस सीट पर प्रचार के लिए खुद पहुंचे हैं। प्रदेश के बाहर भी कई राज्यों में प्रचार करने के बाद भी मुख्यमंत्री दस सीटों में पहुंचे। तीसरे चरण की दस सीटों में से पांच सीटों पर भाजपा के नए प्रत्याशी मैदान में हैं।

भाजपा ने बरेली से छत्रपाल सिंह गंगवार, मैनपुरी से योगी के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, हाथरस से राजस्व राज्यमंत्री अनूप प्रधान वाल्मीकि, फिरोजाबाद से विश्वदीप सिंह, बदायूं से दुर्विजय सिंह शाक्य को मैदान में उतारा है। आगरा, एटा, फतेहपुर सीकरी और आंवला में विजयी सांसदों को फिर से उतारा गया है। संभल में 2019 में भाजपा प्रत्याशी रहे परमेश्वर लाल सैनी को इस बार भी टिकट दिया गया है। मुख्यमंत्री ने इन सभी सीटों पर हर प्रत्याशियों के लिए एक बार नहीं बल्कि कई बार प्रचार के लिए पहुंचे हैं। आगरा से केंद्रीय राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल व भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर फतेहपुर सीकरी से किस्मत आजमा रहे हैं।

**अब तक आठ राज्यों में कर चुके हैं प्रचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अब तक महाराष्ट्र, जम्मू, उत्तराखंड, राजस्थान, बिहार, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल व छत्तीसगढ़ में भी रैली कर चुके हैं। जिन सीटों पर मुख्यमंत्री गए हैं वहां भी सात मई को वोट डाले जाएंगे।



मतदान केंद्रों के लिये मतदान दल रवाना।

## शराब के नशे में जंगल में लगा रहे थे आग

**गोपेश्वर:** चमोली जिले के बदरीनाथ हाइवे पर कमेडा नामक स्थान के पास रविवार की रात्रि को एक वाहन में सवार नशे की हालत में चार युवकों ने सड़क के किनारे घास और झाड़ियों में आग लगाकर कर्णप्रयाग की ओर भाग रहे थे। जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर वन विभाग के सुपुर्द कर दिया है। वर्चुअल थाना पुलिस के अनुसार रविवार की रात्रि में गौचर पुलिस चौकी की ओर से कोतवाली कर्णप्रयाग पर सूचना दी गई कि एक सफेद रंग की बोलेरो गाड़ी नंबर यूके 12एफ 7897 में सवार अज्ञात व्यक्तियों ने कमेडा गौचर के पास में सड़क किनारे घास और झाड़ियों में आग लगाकर कर्णप्रयाग की तरफ भाग गए हैं। आग लगाने की सूचना की गंभीरता की दृष्टिगत कोतवाली कर्णप्रयाग पुलिस ने रात्रि में बाजार चौकी पर इस बोलेरो वाहन को रुकवाया और चेकिंग की तो उसमें सवार चारों व्यक्ति शराब के नशे में पाये गये। पुलिस ने जिन्हें पकड़ कर मेडिकल कराया तो शराब पीने की पुष्टि हुई। वाहन को धारा 185 मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत सीज करते हुए चालक को गिरफ्तार किया गया और अन्य सवार तीन व्यक्तियों को धारा 81 पुलिस अधिनियम के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया। कर्णप्रयाग पर पहुंच कर चारों व्यक्तियों से आग लगाने से संबंधित पूछताछ की और पुलिस की ओर से वैधानिक कार्रवाई के बाद वन विभाग की टीम ने चारों व्यक्तियों के विरुद्ध वन अधिनियम के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई करने के लिए अपनी सुपुर्दगी में लेकर धनपुर रेंज गौचर लेकर गई है।

## अब्बास अंसारी को मिली अंतरिम जमानत

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने जेल में बंद मुख्तार अंसारी के पुत्र अब्बास अंसारी को अपने पिता के चालीसवां में शामिल होने के लिए अंतरिम जमानत दे दी है। सुनवाई के दौरान यूपी सरकार की ओर से पेश एएसजी गरिमा प्रसाद ने अग्रिम जमानत दिए जाने का विरोध करते हुए कहा कि इसके लिए उन्हें ट्रायल कोर्ट के सामने याचिका दाखिल करनी चाहिए।

## जुमलों की हांडी बार-बार नहीं चढ़ेगी: डॉ. अजय सिंह



टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला ने कहा है कि जैसे काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती है, उसी तरह 15 लाख रुपए खाते में डालने, दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने, ईडी द्वारा जब्त धन को जनता में बांटने के जुमले देने वाली बीजेपी की भी हांडी बार-बार नहीं चढ़ेगी। उन्होंने कहा कि 400 पार का नारा देने वाली बीजेपी 200 में सिमट कर रह जाएगी। अजय चौटाला ने कहा कि संसद में जनता की हिमायत के लिए जेजेपी ही सबसे बेहतर विकल्प है। वे सोमवार को हिसार में जेजेपी प्रत्याशी नैना चौटाला के नामांकन के अवसर पर आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। जेजेपी ने हिसार में विशाल जनसभा और रोड शो कर अपनी ताकत दिखाकर विरोधियों की नींद उड़ा दी है। नैना चौटाला के नामांकन के अवसर पर अपने क्षेत्र से पहली महिला सांसद बनाने के लिए हिसार उमड़ा पड़ा। डॉ अजय सिंह चौटाला ने कहा कि अपने हकों की आवाज बुलंद करने के लिए हिमायती की पहचान करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि कौन आपकी आवाज दिल्ली तक पहुंचा सकता है ? अगर आप ये पहचान लेंगे तो आपके क्षेत्र की तरक्की को कोई नहीं रोक सकता।

## किसानों के विरोध के जवाब में हिसार में लगाए जेजेपी जिंदाबाद के नारे

**विरोध**

▸▸ पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत तथा लोकसभा प्रत्याशी नैना चौटाला ने जननायक जनता पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाए

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा में भाजपा के साथ सत्ता में भागीदार रही जेजेपी बड़ी संख्या में पार्टी नेताओं के साथ छोड़ने और विधायकों की बगावत का सामना कर रही जेजेपी भले ही सभी दस लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने का साहसी चेहरा दिखा रही है लेकिन चुनाव मैदान में भी विरोध का सामना कर रही है। हिसार में सोमवार को नामांकन दाखिले के लिए पहुंची जेजेपी प्रत्याशी नैना चौटाला को किसानों के विरोध का सामना करना पड़ा।

लघु सचिवालय के बाहर धरना दे रहे संयुक्त किसान मोर्चा हिसार के सदस्यों ने जेजेपी मुर्दाबाद के नारे लगाए। उनके सामने चुनावी रथ पर सवार पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला तथा लोकसभा प्रत्याशी नैना चौटाला ने जननायक जनता पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाए। काफी देर किसान काले झंडे लहराकर विरोध जताते रहे और जेजेपी समर्थक नारेबाजी करते रहे। किसानों को पुलिस ने बेरिकेड्स लगाकर एक स्थान पर रोका था। किसान अपने दायरे में ही झंडे लेकर नारेबाजी करते हुए विरोध जताते रहे।

**नामांकन** जयप्रकाश जेपी का नामांकन करवाने पहुंचे भूपेंद्र सिंह हुड्डा और चौ. उदयभान

## बीजेपी के पास भविष्य के लिए नहीं रोडमैप: हुड्डा



टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा और हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान हिसार से कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश जेपी का नामांकन करवाने पहुंचे। रोड शो करते हुए सभी नेता नामांकन करने पहुंचे। रोड में लाखों लोगों का हुजूम व जनता का भारी समर्थन देखकर सभी नेता बेहद उत्साहित नजर आए। सभी ने जयप्रकाश जेपी को शुभकामनाएं दी और उनकी जीत का दावा किया। इस मौके पर हुड्डा ने कहा कि जनता के भीतर बीजेपी के प्रति जितना रोष है, कांग्रेस के लिए उतना ही उत्साह है। मौजूदा सरकार से सिर्फ बदमाश, भ्रष्टाचारी और नशे के कारोबारी खुश हैं। बाकि जनता बीजेपी की नीतियों और कार्यप्रणाली से पूरी तरह त्रस्त हो चुकी है। हुड्डा ने कहा कि वोट मांगने के लिए जनता के बीच जा रही बीजेपी के पास गिनवाने के लिए एक भी काम नहीं है। ना ही उसके पास भविष्य के लिए कोई रोडमैप है। जबकि कांग्रेस अपने विकास कार्यों और घोषणा पत्र के नाम पर वोट मांग रही है। कांग्रेस का वादा है कि सरकार बनने पर केंद्र में 30 लाख तो हरियाणा में 2 लाख से ज्यादा युवाओं को बिना पेपर लीक योग्यानुसार पक्की नौकरी मिलेगी। साथ ही किसानों को एमएसपी की गारंटी और कर्ज से मुक्ति दी जाएगी। प्रदेश के कर्मचारियों को पुरानी पेंशन स्कीम और बुजुर्गों को ?6000 बुढ़ापा पेंशन मिलेगी। प्रदेश में 300 यूनिट मुफ्त बिजली और 500 रुपये में गैस सिलेंडर देना भी कांग्रेस का वादा है। कांग्रेस के घोषणापत्र में महिलाओं को नौकरियों में 50% आरक्षण और सालाना 1 लाख रुपया देने का भी वादा किया गया है। 36 बिरादरी कांग्रेस की इस प्रगतिशील व कल्याणकारी सोच का समर्थन कर रही है। लोकसभा चुनाव की ये जीत केंद्र के साथ हरियाणा में भी कांग्रेस सरकार की नींव रखेगी।

